रविवार, 13 अप्रैल 2025

**मौसम**

तापमान 34 – 26
आर्द्रता 77%
सूर्योदय: 5:19 सूर्यास्त: 17:55

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, चैत्र शुक्लपक्ष पूर्णिमा, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये



खुद को 'आलमगीर' कहने वाला औरंगजेब महाराष्ट्र में हारा, दफनाया गया : शाह –पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : कभी हार न मानने की आदत ही,आपकी एक दिन जीत का कारण बनती हैं।

# वक्फ कानून के विरोध में हिंसा की आग से झुलसा मुर्शिदाबाद

## 3 लोगों की मौत व 138 गिरफ्तार



300 बीएसएफ जवानों के साथ-साथ पांच अतिरिक्त कंपनियों की तैनाती

- **समसेरगंज में दो और धुलियान में एक शख्स की गोली लगने से हुई मौत**
- **हिंसक प्रदर्शन के बाद कई जिलों में इंटरनेट बंद**
- **कोर्ट के आदेश के बाद हिंसा प्रभावित इलाकों में केंद्रीय बल उतरीं**

**कोलकाता/मुर्शिदाबाद :** बंगाल के मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ संशोधन कानून के विरोध में शुक्रवार को प्रदर्शन के दौरान भड़की हिंसा में तीन लोगों की मौत हो गई है। जबकि, 15 पुलिस कर्मियों समेत 17 लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस ने शनिवार को इसकी पुष्टि की। राज्य के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी, कानून-व्यवस्था) जावेद शमीम ने बताया कि मुर्शिदाबाद में हिंसा के सिलसिले में 138 लोगों को गिरफ्तार किया गया। शनिवार को भी स्थिति तनाव-पूर्ण रही, लेकिन किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं है। वहीं, दूसरी ओर, कलकत्ता हाई कोर्ट ने शनिवार को मुर्शिदाबाद के हिंसाग्रस्त इलाकों में केंद्रीय बलों की तैनाती का निर्देश दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, जिले के शमशेरगंज थाना क्षेत्र के जाफराबाद में उपद्रवियों ने एक 72 वर्षीय बुजुर्ग और उनके 40 वर्षीय बेटे को घर से खींचकर धारदार चाकू से बेरहमी से हत्या कर दी। उपद्रवियों ने घर में भी जमकर तोडफ़ोड़ की। दोनों पिता-पुत्र की रक्तरंजित लाश घर के पास से बरामद हुई। परिवार व स्थानीय लोगों का आरोप है कि घटना के चार घंटे बाद पुलिस पहुंची। मृतकों की पहचान हरोगोविंद दास (72) और पुत्र चंदन दास (40) के रूप में हुई है। दोनों के शरीर पर कई जगहों पर जख्म के निशान थे। इसके अलावा, सूती के साजू चौराहे पर शुक्रवार की शाम हिंसा के दौरान कथित रूप से पुलिस की गोली से घायल 17 वर्षीय एक किशोर की शनिवार को मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके अलावा, धुलियान इलाके में हिंसा के दौरान गोली लगने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। इधर, शनिवार की सुबह जिले के धुलियान इलाके में फिर से हिंसा भड़क उठी। उपद्रवियों ने कई संपत्तियों और दुकानों में तोडफ़ोड़ की। हालांकि, पुलिस का दावा है कि स्थिति को तुरंत नियंत्रित कर लिया। दूसरी तरफ, केंद्रीय गृह सचिव ने कहा कि मुर्शिदाबाद में स्थानीय रूप से उपलब्ध बीएसएफ के लगभग 300 कर्मियों के अलावा, राज्य सरकार के अनुरोध पर पांच कंपनियों को तैनात किया गया है।

## केंद्रीय गृह सचिव ने बंगाल के मुख्य सचिव, डीजीपी से की बात

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने शनिवार को कहा कि केंद्र मुर्शिदाबाद जिले में हिंसा पर करीबी नजर रखे हुए है। उन्होंने राज्य सरकार को अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में पैनी नजर रखने और यथाशीघ्र सामान्य स्थिति सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त कदम उठाने को भी कहा। हिंसा को लेकर पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव और पुलिस प्रमुख के साथ एक 'वीडियो कॉन्फ्रेंस' के दौरान गृह सचिव ने कहा कि केंद्र स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए है और उन्होंने राज्य सरकार को जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों की तैनाती सहित हर संभव सहायता मुहैया कराने का आश्वासन दिया। एक बयान के अनुसार, राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ने केंद्रीय गृह सचिव को जमीनी स्थिति के बारे में जानकारी दी और उन्हें बताया कि स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है तथा इस पर कड़ी नजर रखी जा रही है। डीजीपी ने बताया कि वे सीमावर्ती जिले में तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की सहायता ले रहे हैं और 150 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। केंद्रीय गृह सचिव ने बताया कि मुर्शिदाबाद में मौजूद लगभग 300 बीएसएफ कर्मियों के अलावा, राज्य सरकार के अनुरोध पर सुरक्षा कर्मियों की अतिरिक्त पांच कंपनियां तैनात की गई हैं। गृह सचिव ने राज्य प्रशासन को अन्य संवेदनशील जिलों में भी कड़ी नजर रखने और यथाशीघ्र सामान्य स्थिति सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने की सलाह दी।

## बंगाल में वक्फ (संशोधन) अधिनियम लागू नहीं किया जाएगा : ममता



**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम राज्य में लागू नहीं किया जाएगा। ममता बनर्जी ने कहा कि यह कानून केंद्र सरकार ने बनाया है और उससे जवाब मांगा जाना चाहिए। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि सभी धर्मों के लोगों से मेरी विनम्र अपील है कि कृपया शांत रहें, संयमित रहें। धर्म के नाम पर किसी भी अधार्मिक गतिविधि में शामिल न हों। हर इंसान की जान कीमती है, राजनीति के लिए दंगे न भड़काएं। जो लोग दंगे भड़का रहे हैं, वे समाज को नुकसान पहुंचा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि याद रखें, हमने वह कानून नहीं बनाया, जिस पर बहुत से लोग भड़के हुए हैं। यह कानून केंद्र सरकार ने बनाया है। इसलिए आप जो जवाब चाहते हैं, वह केंद्र सरकार से मांगना चाहिए। उन्होंने पूछा कि हमने इस मामले में अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है – हम इस कानून का समर्थन नहीं करते। यह कानून हमारे राज्य में लागू नहीं होगा। तो दंगा किसलिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि दंगा भड़काने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि हम किसी भी हिंसक गतिविधि का समर्थन नहीं करते। कुछ राजनीतिक दल राजनीतिक लाभ के लिए धर्म का दुरुपयोग करने की कोशिश कर रहे हैं। उनके बहकावे में न आएं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि धर्म का मतलब मानवता, सद्भावना, सभ्यता और सद्भाव है। मैं सभी से शांति और सद्भाव बनाए रखने की अपील करती हूं।

## बंगाल को बांग्लादेश बनाना चाहती हैं ममता : सुकांत मजूमदार

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने मुर्शिदाबाद में हिंसा को लेकर मचे बवाल के बीच शनिवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर हिंदुओं को धमकाने और राज्य को बांग्लादेश बनाने की कोशिश करने का गंभीर आरोप लगाया। सुकांत ने कहा कि ममता बनर्जी के इशारे पर पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है और खामोश बैठी है। लेकिन, हिंदू कभी नहीं झुके हैं, और आगे भी लड़ते रहेंगे। हम दिल्ली के संपर्क में हैं और गृह मंत्री को सब कुछ जानकारी है।

## कलकत्ता उच्च न्यायालय ने संघर्ष प्रभावित मुर्शिदाबाद में केंद्रीय बलों की तैनाती का दिया आदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने शनिवार को मुर्शिदाबाद जिले में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की तैनाती का आदेश दिया। न्यायमूर्ति सौमेन सेन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सामान्य स्थिति बहाल करने में मदद करने के लिए मुर्शिदाबाद के प्रभावित क्षेत्रों में सीएपीएफ की तैनाती का आदेश दिया। केंद्रीय बल राज्य प्रशासन के साथ समन्वय में काम करेंगे। अदालत ने राज्य सरकार और केंद्र दोनों को स्थिति पर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 17 अप्रैल को निर्धारित की गई है। बता दें कि विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी द्वारा दायर याचिका पर तत्काल सुनवाई के लिए मुख्य न्यायाधीश ने न्यायमूर्ति सौमेन सेन और न्यायमूर्ति राजा बसु चौधरी की विशेष पीठ का गठन किया था। याचिका में जिले में केंद्रीय बलों की तैनाती किये जाने का अनुरोध किया गया था। राज्य के वकील ने अदालत को बताया कि मुर्शिदाबाद के हिंसा प्रभावित सुती, धुलियान और शमशेरगंज इलाकों में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की सात कंपनियां तैनात की गई हैं। अधिकारी के वकील ने हालांकि, आरोप लगाया कि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बीएसएफ कर्मियों को उचित तरीके से तैनात नहीं किया जा रहा है। पीठ ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए शनिवार को अवकाश के दिन याचिका पर सुनवाई की।

## हाई कोर्ट ने सही समय पर लिया निर्णय, शांति के लिए केंद्रीय बलों की तैनाती आवश्यक : राज्यपाल

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने मुर्शिदाबाद सहित पश्चिम बंगाल के दंगा प्रभावित क्षेत्रों में केंद्रीय बलों की तैनाती करने के कलकत्ता हाई कोर्ट के निर्णय पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट ने उचित समय पर उचित निर्णय लिया है। दंगा प्रभावित क्षेत्रों में शांति बनाए रखने के लिए केंद्रीय बलों की तैनाती आवश्यक है। राज्यपाल बोस ने कहा कि कलकत्ता हाई कोर्ट ने मुर्शिदाबाद सहित पश्चिम बंगाल के दंगा प्रभावित क्षेत्रों में केंद्रीय बलों की तैनाती का आदेश दिया है। उन क्षेत्रों में शांति बनाए रखने और सामान्य स्थिति लाने के लिए केंद्रीय बलों की तैनाती आवश्यक है। मैंने विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ भी स्थिति पर चर्चा की है। मुझे खुशी है कि हाई कोर्ट ने हस्तक्षेप किया और उचित समय पर उचित निर्णय दिया।

## देशभर में हर्षोल्लास और धार्मिक अस्था के साथ मनाई गई हनुमान जयंती



**नयी दिल्ली :** हनुमान जयंती के अवसर पर वाराणसी के मंदिरों में रंग-बिरंगी सजावट की गई, सुबह से ही आरती, भक्ति गीत और रामचरितमानस का पाठ किया गया। कई स्थानीय समितियों ने शोभायात्राएं निकालीं, जबकि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने शांति व सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए शहर में गश्त की। समारोह के प्रमुख केंद्र, प्रसिद्ध संकट मोचन मंदिर में विशेष व्यवस्था की गई थी। संकट मोचन मंदिर के महंत प्रोफेसर विशंभर नाथ मिश्रा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, हनुमान जयंती के अवसर पर मंदिर परिसर में भगवान हनुमान का विशेष श्रृंगार, झांकी, पूजा और आरती की जा रही है। सुबह की शुरुआत शहनाई वादन, ब्राह्मण पुजारियों द्वारा रुद्राभिषेक, रामचरितमानस के पाठ, सीता-राम कीर्तन और वाल्मीकि रामायण के सुंदरकांड से हुई। बंगाल में शनिवार को कई जगहों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं और अन्य संगठनों ने कड़ी सुरक्षा के बीच हनुमान जयंती मनाई। सूत्रों ने बताया कि भाजपा और अन्य संगठनों ने कोलकाता में करीब 60 जगहों पर पूजा व हनुमान चालीसा का पाठ किया। सिलीगुड़ी, आसनसोल, पुरुलिया और दुर्गापुर सहित राज्य भर में विभिन्न स्थानों पर भी हनुमान जयंती मनाई गई। तेलंगाना के हैदराबाद में, विश्व हिंदू परिषद (विहिप) नेता और पूर्व भाजपा सांसद रामविलास वेदांती ने गौलीगुड़ा स्थित हनुमान मंदिर में बजरंग दल द्वारा आयोजित हनुमान जयंती 'शोभा यात्रा' की शुरुआत की। 'जय श्री राम' के नारों के बीच हजारों युवाओं ने शोभा यात्रा में हिस्सा लिया। वेदांती ने कामना की कि नरेन्द्र मोदी चौथी बार प्रधानमंत्री बनें और देश 'हिंदू राष्ट्र' बने। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस अवसर पर इंदौर में पितृ पर्वत पर पूजा-अर्चना की। महाराष्ट्र में पुलिस ने बताया कि नासिक जिले में अंजनेरी पहाड़ी पर मधुमक्खियों के झुंड के हमले में कई श्रद्धालु मामूली रूप से घायल हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह करीब साढ़े सात बजे हुई जब पहाड़ी पर स्थित मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ थी। नासिक से लगभग 20 किलोमीटर दूर अंजनेरी को भगवान हनुमान का जन्मस्थान माना जाता है।

## राज्यपाल के कार्यालय को संसदीय लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुसार काम करना चाहिए: उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि वह राज्यपालों के कार्यों के लिए अनुच्छेद 200 के तहत समयसीमा तय करके उनके कार्यालय को कमजोर नहीं कर रहा लेकिन उन्हें (राज्यपालों को) संसदीय लोकतंत्र की स्थापित परंपराओं का उचित सम्मान करते हुए कार्य करना चाहिए। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि द्वारा कोई कार्रवाई किए बिना रोके रखने के कृत्य की आलोचना करते हुए कहा कि राज्यपाल को संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत एक से तीन महीने की अवधि में समयबद्ध तरीके से कार्य करना होता है। अनुच्छेद 200 राज्यपाल को अपने समक्ष प्रस्तुत विधेयकों पर स्वीकृति देने, स्वीकृति रोकने या उन्हें राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखने का अधिकार देता है। पीठ ने कहा, "हम राज्यपाल के पद को किसी भी तरह से कमजोर नहीं कर रहे। हम बस इतना ही कहना चाहते हैं कि राज्यपाल को संसदीय लोकतंत्र की स्थापित परंपराओं के प्रति उचित सम्मान दिखाते हुए काम करना चाहिए, विधान पालिका के माध्यम से व्यक्त की जाने वाली लोगों की इच्छा और लोगों के प्रति उत्तरदायी निर्वाचित सरकार का सम्मान करना चाहिए।" अदालत ने कहा, "उन्हें मित्र, दार्शनिक और मार्गदर्शक की अपनी भूमिका निष्पक्षता के साथ निभानी चाहिए। उनकी भूमिका राजनीतिक लाभ से नहीं बल्कि उनके द्वारा ली गई संवैधानिक शपथ की पवित्रता से निर्देशित होनी चाहिए।"

## ईवीएम पूरी तरह सुरक्षित, छेड़छाड़ संभव नहीं: मुख्य निर्वाचन आयुक्त



**रामगढ़ :** मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने शनिवार को कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पूरी तरह "सुरक्षित" हैं और इनसे "छेड़छाड़" करना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत में इस्तेमाल की जाने वाली ईवीएम को इंटरनेट, ब्लूटूथ या इंफ्रारेड से नहीं जोड़ा जा सकता और इसके साथ छेड़छाड़ करना किसी भी तरह से संभव नहीं है। झारखंड के रामगढ़ जिले में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए कुमार ने कहा, "ईवीएम की कानूनी पड़ताल की जा चुकी है। भारत में इस्तेमाल होने वाली ईवीएम को इंटरनेट, ब्लूटूथ या इंफ्रारेड से नहीं जोड़ा जा सकता है। ईवीएम को किसी भी तरह से किसी चीज से नहीं जोड़ा जा सकता। इससे छेड़छाड़ करना संभव नहीं है। इसलिए, भारत की ईवीएम पूरी तरह सुरक्षित हैं।" उन्होंने कहा कि पांच करोड़ से अधिक वीवीपैट (वोटर-वेरिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल) पर्चियों की गिनती की जा चुकी है और अब तक किसी विसंगति की सूचना नहीं मिली है। झारखंड के तीन दिवसीय दौरे पर शुक्रवार शाम को कुमार रांची पहुंचे।

## जम्मू कश्मीर: आतंकवाद रोधी अभियान में दो और आतंकवादी मारे गए, मुठभेड़ में जेसीओ शहीद



**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ जिले के बर्फीले इलाके में जारी अभियान में दो आतंकवादी मारे गए जबकि अखनूर सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश कर रहे आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में एक 'जूनियर कमीशंड अधिकारी' (जेसीओ) शहीद हो गया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। इसके साथ ही पिछले दो दिन से जिले के छत्रू क्षेत्र में जारी अभियानों में मारे गए आतंकवादियों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। सुरक्षा बलों ने शुक्रवार सुबह एक आतंकवादी को मार गिराया था। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि शनिवार को मारे गए आतंकवादी पाकिस्तानी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से संबद्ध थे और इसमें एक शीर्ष कमांडर सैफुल्ला भी था जो पिछले एक साल से चेनाब घाटी क्षेत्र में सक्रिय था। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू के अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ की कोशिश कर रहे आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में सेना का एक जूनियर कमीशंड अधिकारी (जेसीओ) शहीद हो गया।






## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 13 अप्रैल, रविवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, चैत्र शुक्लपक्ष पूर्णिमा, 05:52 तक, नक्षत्र : चित्रा, 21:05 तक, योग : हरषाना, 21:34 तक, सूर्योदय: 5:19, सूर्यास्त: 17:55, चन्द्रोदय : 18:18, चन्द्रास्त: 05:13, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, अमान्ता महीना, सूर्य राशि : मीन, चन्द्र राशि : कन्या, राहू काल : 16:15 से 17:52

## साप्ताहिक : राशिफल
## 13-04-25 से 19-04-25



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल रहेगा। सूर्य इस राशि में प्रवेश करके उच्च का हो जायेगा। जिससे जातक का महत्व बढ़ सकता है। जातक यदि सरकारी सेवा या राजनीति में होगा तो कोई बड़ा पद पाने में सफल हो सकता है। कभी-कभी मानसिक तनाव की स्थितियाँ बन सकती है लेकिन जातक अपने प्रभाव से स्थितियों को अनुकूल बनाने में सफल हो सकता है। घर-परिवार में जातक का महत्व बढ़ सकता है। जातक कोई बड़ा या लोक-प्रिय कार्य करके अपने महत्व को बढ़ाने में सफल हो सकता है।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** इस सप्ताह इस राशि के जातकों का समय मिला-जुला रहेगा। जहाँ एक तरफ घरेलू सुख-सुविधाओं में वृद्धि हो सकती है। वही अनावश्यक प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। बुद्धिमान एवं चतुर लोगों से सावधान रहे नही तो वे जातक को किसी बड़ी परेशानी में डाल सकते है। इस सप्ताह थोड़ा घूमने-फिरने का अवसर जातक को मिल सकता है। खर्च की अधिकता के कारण जातक को कभी-कभी आर्थिक चुनौतियों का भी सामना करना पड़ सकता है।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय चुनौतीपूर्ण रहेगा। बुध का नीच राशि के गुजरने के कारण हर क्षेत्र में जातक की चुनौतीपूर्ण स्थितियाँ बनी रह सकती है। इस सप्ताह सोच-समझकर ही निर्णय ले तभी स्थितियों को अनुकूल बनाने में जातक सफल हो सकता है। छात्रों का मन भी पढ़ाई-लिखाई में कम लग सकता है। जिसके कारण पढ़ाई-लिखाई प्रभावित हो सकती है। किसी महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षा में सफल न होने से जातक परेशानी महसूस कर सकता है।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** इस सप्ताह इस राशि के जातकों का समय चुनौतीपूर्ण रहेगा। अनावश्यक प्रकार के कार्यों के कारण जातक थोड़ा तनाव महसूस कर सकता है। इस सप्ताह किसी तरह के जोखिम से बचे नही तो परेशानियाँ बढ़ सकती है। वाहन आदि सावधानिपूर्वक चलाये नही तो चोट लग सकती है। स्वास्थ्य पर भी ध्यान बनाये रखे। थोड़ी सी लापरवाही स्वास्थ्य संबंधित परेशानियों को बढ़ा सकती है। विरोधी एवं प्रतिस्पर्धी चुनौतियाँ खड़ी कर सकते है। कभी-कभी अनावश्यक तर्क-वितर्क एवं लड़ाई-झगड़े की स्थिति बन सकती है।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय लगभग अनुकूल रहेगा। जातक की सक्रियता बनी रह सकती है। इस सप्ताह सूर्य उच्च राशि में प्रवेश करेगा। जिसके कारण जातक का महत्व बढ़ सकता है। जातक अपनी सक्रियता और दूर-दृष्टि से कई महत्वपूर्ण कार्यों को पटरी पर ला सकता है। कभी-कभी अनावश्यक तर्क-वितर्क से बचे नही तो बनी-बनाई बाते बिगड़ सकती है। सरकारी सेवा में लगे जातकों का प्रमोशन या बड़े पद पर कार्य करने का अवसर जातक को मिल सकता है।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय थोड़ा अनुकूल रहेगा। कई ग्रहों की दृष्टि के कारण अनुकूल एवं प्रतिकूल स्थितियाँ बन सकती है। अनुकूल ग्रहों का प्रभाव ज्यादा है इसलिए सप्ताहिक स्थिति अधिक मजबूत रहेगी। व्यापारियों के लिए भी समय अनुकूल रहेगा। कभी-कभी व्यवसाय में चुनौतियाँ मिल सकती है लेकिन कई व्यवसाय में अधिक लाभ मिलने के कारण जातक की आर्थिक स्थितियाँ मजबूत हो सकती है। छात्रों के लिए समय अनुकूल रहेगा। पढ़ाई-लिखाई में मन लग सकता है।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय मिला-जुला रहेगा। संगीत, कला एवं साहित्य में रूचि बढ़ सकती है। कभी-कभी प्रेम संबंधों में उतार-चढ़ाव के कारण गतिशीलता बनी रह सकती है लेकिन विरोधी एवं प्रतिस्पर्धियों के सक्रिय होने के कारण जातक तनाव से गुजर सकता है। जिससे जातक की चुनौतीपूर्ण स्थितियाँ बन सकती है। घर-परिवार में भी आपसी तनाव कभी-कभी बन सकता है इसलिए सोच-समझकर ही परिवारिक समंजस्य बनाये रखे।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल रहेगा। जातक अपनी सूझ-बूझ एवं दूर-दृष्टि से कई महत्वपूर्ण कार्यों को पटरी पर लाने में सफल हो सकता है। निरंतर सक्रियता एवं कड़ी महेनत से कोई बड़ा काम पाने में जातक सफल हो सकता है। सरकारी सेवा में लगे जातकों के लिए भी समय अनुकूल है। किसी बड़े पद पर कार्य करने का अवसर जातक को मिल सकता है। जमीन-जयादाद के कार्यों में भी सफलता मिल सकती है। सेना, पुलिस जैसे कार्यों में लगे जातकों के लिए भी समय अनुकूल है। हनुमान जी की पूजा से स्थितियाँ अनुकूल हो सकती है।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय मिला-जुला रहेगा यद्यपि शनि की दृष्टि के कारण कार्यों में थोड़ी चुनौतियाँ बनी रह सकती है लेकिन जातक अपनी सूझ-बूझ से कार्यों को पटरी पर लाने में सफल हो सकता है। छात्रों के लिए समय अनुकूल रहेगा। अधिक परिश्रम के बाद ही कोई बड़ी सफलता मिल सकती है। घर-परिवार की जिम्मेदारियाँ बढ़ी रह सकती है। सक्रियता एवं कार्य की अधिकता बनी रह सकती है। व्यवसाय आदि की दृष्टि से सप्ताह मिला-जुला रहेगा इसलिए सोच-समझकर ही पूंजी निवेश करेगा।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल रहेगा। शनि की शाढ़े-शाती उतर जाने के कारण जातक की सक्रियता बढ़ सकती है। मंगल की उच्च दृष्टि के कारण जातक उत्साहित बना रहेगा। बड़े लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में जातक निरंतर सक्रिय बना रह सकता है। खिलाड़ियों के लिए भी समय अनुकूल किसी बड़ी या महत्वपूर्ण प्रतिस्पर्धा में जातक को बड़ी विजय मिल सकती है। व्यवासय दृष्टि से भी सप्ताह अनुकूल है। पूंजी निवेश से बड़े लाभ की स्थिति बन सकती है।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय लगभग अनुकूल रहेगा। शनि की उतरती शाढ़े-शाती के कारण जातक की सक्रियता बढ़ सकती है। अपने कार्य-व्यापार का विस्तार करने का अनुकूल समय जातक को मिल सकता है। निर्माण-कार्यों में लगे जातकों का समय अनुकूल है। ठेकेदारी आदि के कार्यों में बड़े लाभ की स्थिति बन सकती है। निरंतर सक्रियता और कार्य-योजनाओं का विस्तार इस सप्ताह बना रह सकता है। भाग-दौड़ा का भी परिणाम जातक को मिल सकता है।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय मिला-जुला रहेगा। जहाँ कुछ चुनौतियाँ जातक को तनाव दे सकती है। इसी बीच कभी-कभी कुछ बड़े कार्यों के बन जाने से जातक राहत महसूस कर सकता है। घरेलू सुख-सुविधाओं में वृद्धि हो सकती है लेकिन विरोधियों के सक्रिय होने के कारण जातक कभी-कभी तनाव महसूस कर सकता है। व्यवसाय आदि की दृष्टि से सप्ताह मिला-जुला रहेगा इसलिए सोच-समझकर ही पूंजी निवेश करे यदि चुनौतियाँ अधिक महसूस हो रविवार को काली वस्तुओं का दान करें।

# वाराणसी में धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती



शहर में विशेष अनुष्ठान और शोभायात्राओं का आयोजन

**वाराणसी :** हनुमान जयंती के अवसर पर वाराणसी के मंदिरों में रंग-बिरंगी सजावट की गई, सुबह से ही आरती, भक्ति गीत और रामचरितमानस का पाठ किया गया। कई स्थानीय समितियों ने शोभायात्राएं निकालीं, जबकि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने शांति व सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए शहर में गश्त की। समारोह के प्रमुख केंद्र, प्रसिद्ध संकट मोचन मंदिर में विशेष व्यवस्था की गई थी। संकट मोचन मंदिर के महंत प्रोफेसर विशंभर नाथ मिश्रा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, हनुमान जयंती के अवसर पर मंदिर परिसर में भगवान हनुमान का विशेष श्रृंगार, झांकी, पूजा और आरती की जा रही है। सुबह की शुरुआत शहनाई वादन, ब्राह्मण पुजारियों द्वारा रुद्राभिषेक, रामचरितमानस के पाठ, सीता-राम कीर्तन और वाल्मीकि रामायण के सुंदरकांड से हुई। उन्होंने कहा कि शाम को भक्ति गायन जारी रहेगा। शाम पांच बजे रामकृष्ण मिशन की संकीर्तन मंडली प्रस्तुति देगी, उसके बाद शहर की विभिन्न रामायण मंडलियां रामचरितमानस का अखंड पाठ करेंगी। मिश्रा ने कहा कि 13 से 15 अप्रैल तक काशी और देश भर के कई प्रसिद्ध रामायण कथाव-ाचक प्रत्येक शाम पांच बजे से रात 10 बजे तक प्रवचन देंगे। इसके बाद 16 से 21 अप्रैल तक मंदिर परिसर में छह रातों तक चलने वाले संकट मोचन संगीत समारोह का 102वां संस्करण आयोजित किया जाएगा।

## हनुमान जयंती पर संभल में भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी

हनुमान जयंती के अवसर पर शनिवार को उत्तर प्रदेश के संभल में भक्ति और सांप्रदायिक सौहार्द की भावना को बढ़ावा देने के लिए हल्लू सराय स्थित श्री बाला जी मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। पिछले साल 24 नवंबर को हुई सांप्रदायिक हिंसा के बाद संभल में यह पहला ऐसा आयोजन था। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शोभा यात्रा विभिन्न इलाकों से होकर गुजरी और पूरे शहर में 'जय बजरंगबली' के नारे गूंज उठे।

## प्रयागराज में धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती



**प्रयागराज :** संगम नगरी में शनिवार को बड़ी धूमधाम से हनुमान जयंती मनाई गई। संगम तट पर स्थित लेटे हनुमान जी का भव्य श्रृंगार किया गया, वहीं सिविल लाइंस स्थित हनुमान मंदिर के बाहर सुबह से ही पूड़ी सब्जी और हलवा का भंडारा चला। लेटे हनुमान मंदिर के एक सेवादार ने बताया कि आज सुबह मंगला आरती के बाद मंदिर के कपाट खोले गए और सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा है। इस दौरान, बड़ी संख्या में लोग मन्नतें पूरी होने पर गाजे-बाजे के साथ निशान (झंडा) लेकर भी यहां आ रहे हैं।

## राजस्थान : राजसमंद में भालुओं के हमले में बुजुर्ग की मौत

**जयपुर :** राजस्थान के राजसमंद जिले में केलवाड़ा थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह घर से निकले एक बुजुर्ग व्यक्ति पर भालुओं ने हमला कर दिया जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गजपुर ग्राम पंचायत निवासी सवालाल बलाई (76) घर के बाहर शौच के लिए गए थे तभी दो भालुओं ने उन पर हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि दोनों भालू बुजुर्ग को घसीटते हुए खेतों की तरफ ले गए। बुजुर्ग की चीख पुकार सुनकर जब ग्रामीण उन्हें बचाने पहुंचे, तब तक बुजुर्ग की मौत हो चुकी थी। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## बलिया में वकील से रंगदारी मांगने के आरोप में पत्रकार के खिलाफ मामला दर्ज

**बलिया :** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में एक वकील को जान से मारने की धमकी देकर रंगदारी मांगने के आरोप में एक स्थानीय पत्रकार के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक बलिया की अदालत में कार्यरत वकील कैश कुमार सिंह की शिकायत पर स्थानीय पत्रकार राजेश मिश्रा के खिलाफ शुक्रवार को मामला दर्ज किया गया है। कोतवाली थाने के प्रभारी योगेंद्र बहादुर सिंह ने पत्रकार राजेश मिश्रा के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी का हवाला देते हुए शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, मिश्रा पर वकील कैश कुमार सिंह को जान से मारने की धमकी देकर 22,500 रुपये रंगदारी मांगने का आरोप है। थाना प्रभारी ने कहा कि आरोपी पत्रकार की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

## तस्करी की जा रही अवैध शराब झारखंड में जब्त, एक व्यक्ति गिरफ्तार

**मेदिनीनगर :** गोवा से तस्करी कर भूटान ले जाई जा रही अवैध विदेशी शराब झारखंड के पलामू जिले में जब्त की गई और इस सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर चैनपुर थाना क्षेत्र के मंगरडहा घाटी में उत्तर प्रदेश के पंजीकरण वाले एक ट्रक को शुक्रवार को रोका गया। उसने बताया कि ट्रक से बड़ी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की गई और वाहन चालक इसका कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका।

## उत्तर प्रदेश के सभी 17 नगर निगमों में घर-घर जांची जा रही पेयजल की शुद्धता

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश सरकार ने आम जनता की सेहत को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के 17 नगर निगमों में घर-घर जाकर नल के पानी की जांच करने का फैसला किया है। खास बात यह है कि इस अभियान की कमान महिलाओं ने संभाली है, जिन्हें अमृत मित्र नाम दिया गया है। एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अमृत 2.0 योजना और राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एनयूएलएम) के तहत स्वयं सहायता समूह की 788 महिलाओं को विशेष रूप से



प्रशिक्षित कर इस काम में लगाया गया है। अमृत मित्र महिलाएं न सिर्फ घर-घर जाकर पानी की जांच कर रही हैं, बल्कि लोगों को शुद्ध पेयजल के महत्व के बारे में जागरुक भी कर रही हैं। इस अभियान ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ समाज की सोच भी बदली है। कभी घर की चारदीवारी तक सीमित महिलाएं अब घर-घर जाकर जल की गुणवत्ता की जांच कर रही हैं और लोगों की सेहत की पहरेदार बन गई हैं। इस अनोखी पहल ने महिला सशक्तिकरण की एक नयी मिसाल कायम की है। अब ये महिलाएं न सिर्फ आत्मनिर्भर बनी हैं, बल्कि स्वच्छता और स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव भी ला रही हैं।

## झारखंड में टीएसपीसी के छह नक्सली गिरफ्तार

**लातेहार (झारखंड) :** झारखंड के लातेहार जिले में प्रतिबंधित तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति समिति (टीएसपीसी) नामक प्रतिबंधित संगठन के छह नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में स्वयंभू 'सब-जोनल कमांडर' नारायण भोक्ता उर्फ आदित, आलोक यादव उर्फ अमरेश यादव, 'एरिया कमांडर' अमित दुबे उर्फ छोटे बाबा, महेंद्र ठाकुर, इमरान अंसारी और संजय शामिल हैं। लातेहार के पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने बताया कि माओवादी समूह टीएसप-ीसी के सदस्यों को शुक्रवार को बालूमाथ पुलिस थाने के अंतर्गत हेसाबार-भांग वन क्षेत्र में एक अभियान के दौरान पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर बालूमाथ एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई और नक्सलियों को चारों ओर से घेरने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि नक्सलियों के पास से चार राइफल, एक रिवॉल्वर और 1,102 कारतूस जब्त किए गए हैं। इस बीच, राज्य के पश्चिमी सिंहभूम जिले में शनिवार को हुए परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) के जरिये किये गए विस्फोट से दो जवान घायल हो गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जराइकेला थाना क्षेत्र के राधापोरा इलाके में यह घटना हुई थी।

## जितना अन्याय फूलन देवी के साथ हुआ उतना किसी महिला के साथ नहीं हुआ : अखिलेश यादव

**इटावा :** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को पार्टी की पूर्व सांसद फूलन देवी के प्रति सम्मान और संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि दुनिया के इतिहास में जितनी प्रताड़ना और अन्याय फूलन देवी के साथ हुआ उतना किसी महिला के साथ नहीं हुआ होगा। अखिलेश यादव ने इटावा में बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण के बाद एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इटावा-औरैया के क्षेत्र में तमाम साथी पैदा हुए, जो अन्याय के खिलाफ लड़े। उन्होंने कहा, फूलन देवी का भी इतिहास संघर्षपूर्ण है। दुनिया के इतिहास में जितनी प्रताड़ना और अन्याय फूलन देवी के साथ हुआ उतना किसी महिला के साथ नहीं हुआ होगा। सपा द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, यादव ने शेखर कपूर निर्देशित फिल्म



'बैंडिट क्वीन' की ओर इशारा करते हुए कहा कि फूलन देवी पर जो फिल्म बनी उसमें अन्त में दिखाया गया कि एक पिछड़ी जाति की सरकार आयी, जिसने फूलन देवी के मुकदमें वापस लिये और छुडाया। उन्होंने कहा, फूलन देवी के साथ जो अपमान हुआ था उसके बदले सम्मान दिलाने के लिए नेताजी (मुलायम सिंह यादव) और समाजवादी पार्टी ने उनको लोकसभा पहुंचाने का काम किया।

## उप्र में धूमधाम से मनाई जाएगी बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती: मुख्यमंत्री योगी



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती पूरे राजकीय सम्मान के साथ मनाई जाएगी। एक आधिकारिक बयान में शनिवार को यह जानकारी दी गयी। बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के कारण बाबा साहब की जयंती के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। बयान में बताया गया कि इस विशेष अवसर पर प्रत्येक जिले में भव्य समारोहों, विचार गोष्ठियों और श्रद्धांजलि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। बयान के मुताबिक, वहीं जयंती से एक दिन पहले यानी 13 अप्रैल को प्रदेश के समस्त पार्कों एवं स्मारकों की विशेष साफ-सफाई कराई जाएगी। इस अभियान में स्थानीय जनता के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी भी सहभाग करेंगे। बयान के मुताबिक, 14 अप्रैल को प्रत्येक जिले के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित करेंगे। बयान में बताया गया कि राज्यभर में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे, जिनमें डॉ. आंबेडकर के विचारों एवं संविधान निर्माण में उनके योगदान को रेखांकित किया जाएगा।

## प्रधानमंत्री मोदी 24 अप्रैल को बिहार का दौरा कर सकते हैं : केंद्रीय पंचायती राज मंत्री

**पटना :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने के अंत में 'पंचायती राज दिवस' के मौके पर आयोजित एक समारोह में शामिल होने के लिए बिहार का दौरा करेंगे। केंद्रीय पंचायत राज मंत्री राजीव रंजन सिंह ने शनिवार को यह जानकारी दी। पंचायती राज विभाग का प्रभार संभाल रहे जद (यू) नेता प्रदेश भाजपा मुख्यालय में संवाददाताओं से बात कर रहे थे, जहां बिहार में राजग के नेताओं ने प्रधानमंत्री के 24 अप्रैल के दौरे की तैयारियों की समीक्षा के लिए एक बैठक में हिस्सा लिया। बैठक को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी संबोधित किया। चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मधुबनी के अधिकारियों से बातचीत की।

## पंजाब: सुखबीर बादल फिर शिअद के अध्यक्ष चुने गए



**अमृतसर :** पंजाब के अमृतसर में शनिवार को आयोजित की गई शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के प्रतिनिधियों की बैठक में सुखबीर सिंह बादल को फिर से पार्टी अध्यक्ष चुना गया और इसके साथ ही उन्होंने पार्टी की कमान भी संभाल ली। उनकी पार्टी लगातार हार और घटते मतप्रतिशत के कारण संघर्ष कर रही है। पूर्व उपमुख्यमंत्री को पहली बार 2008 में पार्टी अध्यक्ष चुना गया था। उस समय इस पद पर आसीन होने वाले वह सबसे कम उम्र के व्यक्ति थे। चार माह पहले शिअद और उसकी सरकार द्वारा 2007 से 2017 तक की गई ''गलतियों'' के लिए अकाल तख्त द्वारा बादल को 'तनखैया' (धार्मिक कदाचार का दोषी) घोषित किए जाने के बाद उन्होंने पार्टी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद अब अमृतसर में संगठन के प्रतिनिधियों की बैठक में बादल को फिर से पार्टी अध्यक्ष चुना गया।

## बिहार में वज्रपात, ओलावृष्टि और बारिश से फसलों को हुए नुकसान को 'राज्य आपदा' घोषित करें: चिराग

**पटना :** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने शनिवार को बिहार सरकार से आकाशीय बिजली, ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश से 'बड़े पैमाने पर' फसलों को हुए नुकसान को 'राज्य आपदा' घोषित करने का आग्रह किया। चिराग ने कई जिलों में प्रभावित किसानों के लिए 'पर्याप्त' मुआवजे की भी मांग की। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लिखे पत्र में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग ने लिखा, ''पिछले दो दिनों में हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से राज्य के कई जिलों में गेहूं और अन्य फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है, जिससे किसान परेशान हैं। इस घटना को राज्य आपदा घोषित किया जाना चाहिए और फसलों को हुए नुकसान का आकलन करने के लिए सर्वेक्षण कराया जाना चाहिए।'' उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जिन किसानों को नुकसान हुआ है, उन्हें ''पर्याप्त और तत्काल मुआवजा दिया जाना चाहिए।'' रिपोर्ट के अनुसार, राज्य में पिछले तीन दिनों में आकाशीय बिजली गिरने और आंधी-तूफान से



80 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। चिराग ने अपने पत्र में कहा, ''सरकार को प्रभावित किसानों के लिए तत्काल राहत उपायों की घोषणा करनी चाहिए... राज्य सरकार को उनके कृषि ऋणों पर ब्याज दरें कम करनी चाहिए और उन्हें अपने ऋण चुकाने के लिए अतिरिक्त समय देना चाहिए। सरकार को प्रभावित किसानों को कम कीमत पर कीटनाशक भी उपलब्ध कराना चाहिए। इसके अलावा, प्रभावित क्षेत्रों में किसानों के लिए राहत शिविर खोले जाने चाहिए।'' बिहार सरकार ने शनिवार को अधिकारियों को खराब मौसम के कारण फसलों को हुए नुकसान का तत्काल आकलन करने का निर्देश दिया।

## वर्ग पहेली नं. 3061



*बायें से दायें:-* 1) हथेलियों पर बनाया गया गड्ढा, 2) चौकीदारी, 6) घना, 7) एक संख्या, 8) सुस्त; काहिल, 9) अनुमतिपत्र, 11) थाना; चौकी, 13) ब्योरा, 15) खाली, 17) नेता *(अंग्रेजी)*, 18) खैरात; महसूल, 20) जिस्म, 22) गणपूर्ति *(सभा के लिए)*, 24) लाचार, 25) चेहरे का एक भाग, 27) चमकीला, 28) दीपाराधन, 29) अल्पतम.

*ऊपर से नीचे:-* 1) लगाई बुझाई, 2) शिक्षित, 3) जिसके पास कोई वस्तु ग़िरवी रखी हो, 4) भालू, 5) असंख्य, 6) दफ़नाना, 10) मूठ *(चाकू का)*, 12) ग़लीचा, 14) उपहार; निगाह, 16) मजाल; हिम्मत, 19) श्रमिक, 21) आग भड़कना; भभकना, 22) ख़ज़ाना; शब्दसंग्रह, 23) झंझट, 24) जो घना न हो, 26) चुटकुला, 28) सर्वज्ञात. *(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*



## सुडोकू-पहेली-3021

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 5 | | | | | 7 | | |
| | 1 | 6 | | | | | | |
| | | | | | | 5 | 1 | |
| 4 | | | | 8 | | | | |
| | | | | | | 6 | | |
| 2 | | | 5 | | 7 | | | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | | | | | | | 4 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3020 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 8 | 6 | 3 | 9 | 1 | 4 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 3 | 6 | 8 |
| 3 | 4 | 6 | 5 | 8 | 1 | 9 | 7 | 2 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 |
| 7 | 3 | 1 | 4 | 6 | 2 | 8 | 5 | 9 |
| 8 | 9 | 2 | 1 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 |
| 9 | 1 | 4 | 7 | 5 | 6 | 2 | 8 | 3 |
| 6 | 2 | 3 | 8 | 1 | 4 | 5 | 9 | 7 |
| 5 | 8 | 7 | 9 | 2 | 3 | 4 | 1 | 6 |

# सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना पर बंगाल शिक्षा विभाग के चार वरिष्ठ अफसरों को अवमानना नोटिस

**नई दिल्ली/कोलकाता :** पश्चिम बंगाल शिक्षा विभाग के चार वरिष्ठ अधिकारियों को सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना के आरोप में अदालती अवमानना का नोटिस जारी किया गया है। यह नोटिस इसलिए जारी हुआ क्योंकि राज्य सरकार ने उन शिक्षकों को स्कूल जाने की अनुमति दी, जिनकी नियुक्तियां सुप्रीम कोर्ट द्वारा रद्द कर दी गई थीं। अवमानना का नोटिस शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव विनोद कुमार, राज्य शिक्षा आयुक्त



अरूप सेनगुप्ता, स्कूल सेवा आयोग के अध्यक्ष सिद्धार्थ मजूमदार और पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष रामानुज गांगोपाध्याय को भेजा गया है। यह नोटिस बबीता सरकार, नसरीन खातून, लक्ष्मी टुंगा, सेताबुद्दीन और अब्दुल गनी अंसारी नामक पांच व्यक्तियों की ओर से दाखिल याचिका के आधार पर जारी किया गया। उल्लेखनीय है कि गत सप्ताह, सर्वोच्च न्यायालय की एक पीठ ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस आदेश को बरकरार रखा, जिसमें 25 हजार 753 शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों की नियुक्तियां रद्द कर दी गई थीं। अदालत ने कहा था कि राज्य सरकार और पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग योग्य और अयोग्य उम्मीदवारों को अलग करने में असफल रहे, और कई लोगों ने पैसे के बदले नौकरी प्राप्त की थी। न्यायालय के इस स्पष्ट आदेश के बावजूद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हाल ही में उन शिक्षकों से भेंट की, जिनकी नौकरियां चली गई थीं, और उन्हें स्वैच्छिक सेवा के रूप में स्कूल जाने की सलाह दी। इसके साथ ही, राज्य के वेतन पोर्टल पर भी इन शिक्षकों के नाम अभी तक सक्रिय दिख रहे हैं।

## शिक्षा मंत्री के 'खोखले वादों' का कोई मतलब नहीं : प्रदर्शनकारी शिक्षकों ने कहा

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) द्वारा 2016 की भर्ती परीक्षा के पात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी करने की मांग को लेकर पिछले तीन दिन से भूख हड़ताल कर रहे तीन शिक्षकों ने शनिवार को कहा कि शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु द्वारा किए गए 'खोखले वादों' का उनके लिए कोई मतलब नहीं है। बता दें कि आंदोलनकारी शिक्षकों पंकज रॉय, सुमन विश्वास और प्रताप कुमार साहा ने 10 अप्रैल को सुबह 11 बजे यहां आचार्य भवन स्थित एसएससी कार्यालय के समक्ष अपना अनिश्चितकालीन अनशन शुरू किया था। उनकी मांग थी कि दागी और बेदाग उम्मीदवारों के बीच तत्काल अंतर किया जाए, जिनकी नौकरियों को उच्चतम न्यायालय ने तीन अप्रैल को अमान्य घोषित कर दिया था। इस दिन, सुमन विश्वास, जो नौकरी जाने



से पहले नदिया जिले के नकाशीपारा हाई स्कूल में शिक्षक थे, ने कहा कि शिक्षा मंत्री का आश्वासन लॉलीपॉप के अलावा कुछ नहीं है। उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद, ऐसे खोखले वादों का हमारे लिए कोई मतलब नहीं है। एसएससी को 2016 की परीक्षा के पात्र उम्मीदवारों की सूची जारी करने दें। भाजपा सांसद और कलकत्ता उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय द्वारा उनसे जान जोखिम में डाले बिना अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखने के लिए कहे जाने पर विश्वास ने कहा कि मुझे डर नहीं है, भले ही भूख हड़ताल से कोई अप्रिय घटना घटित हो जाए।

## बंगाल सरकार डीजीपी की नियुक्ति के लिए चयन समिति गठित करने की बना रही योजना

**कोलकाता, समाज्ञा**

पश्चिम बंगाल सरकार राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) की नियुक्ति के लिए एक चयन समिति गठित करने की योजना बना रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। गृह विभाग के अधिकारी ने बताया कि इस सप्ताह की शुरुआत में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में उक्त प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। अधिकारी के मुताबिक, कलकत्ता उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश चयन समिति का नेतृत्व करेंगे, जो डीजीपी की नियुक्ति के लिए नए नियम तैयार करेगी। अधिकारी ने बताया कि इस प्रस्ताव को राज्य मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी है। राज्य सरकार को डीजीपी की नियुक्ति के लिए केंद्र सरकार की मंजूरी की आवश्यकता नहीं होगी। बता दें कि डीजीपी की नियुक्ति के लिए अभी राज्य सरकार को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के नामों की सूची संघ लोक सेवा आयोग को भेजनी होती है। सूची पर विचार करने के बाद यूपीएससी तीन नामों की सिफारिश करती है और राज्य को उन तीन पुलिस अधिकारियों में से एक को डीजीपी के रूप में चुनना होगा। उन्होंने कहा कि डीजीपी की नियुक्ति के लिए स्वतंत्र रूप से नए नियम बनाने के लिए चयन समिति का गठन किया जाएगा। इसकी अध्यक्षता उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश करेंगे। इसमें मुख्य सचिव, गृह सचिव, सेवानिवृत्त डीजीपी और कुछ अन्य सदस्य शामिल होंगे।

# 'रेलवे संपत्तियों में तोड़फोड़ की जांच एनआईए करे, ये संवेदनशील मामला'

- **शुभेंदु अधिकारी ने रेलवे मंत्री को लिखा पत्र**
- **तोड़फोड़ के चलते छह घंटे तक बाधित रहा रेल यातायात**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में वक्फ कानून के विरोध में जारी विरोध प्रदर्शन जारी हैं। खासकर, मुर्शिदाबाद में बड़े पैमाने पर तोड़फोड़ और हिंसा हुई। हंगामे के दौरान रेलवे की संपत्तियों में तोड़फोड़ की गई। ऐसे में नेता विपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने रेलवे की संपत्तियों में तोड़फोड़ की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से कराने की मांग की है। शुभेंदु अधिकारी ने इस संबंध में रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा है। पत्र में, शुभेंदु अधिकारी ने वक्फ कानून के खिलाफ हो रहे विरोध प्रदर्शन के दौरान मुर्शिदाबाद जिले में रेलवे संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने की घटनाओं पर रेलवे मंत्री से ध्यान देने



की अपील की। भाजपा नेता ने लिखा कि मेरी विनम्र अपील है कि रेलवे संपत्तियों में तोड़फोड़ की जांच एनआईए द्वारा की जाए। उन्होंने लिखा कि ये संवेदनशील मामला है क्योंकि मुर्शिदाबाद जिले की सीमा बांग्लादेश से लगती है। एनआईए जांच से इसके पीछे की साजिश का पर्दाफाश होगा और साजिशकर्ताओं की पहचान की जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हो सकें। शुभेंदु अधिकारी ने केंद्र सरकार से मांग की है कि इस मामले की गहन जांच कराई जाए ताकि क्षेत्र में शांति बहाल की जा सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस रणनीति बनाई जा सके। उन्होंने शांति बहाली के लिए इलाके में सेना की तैनाती की भी मांग की है। गौरतलब है कि मुर्शिदाबाद में रेलवे संपत्तियों में की गई तोड़फोड़ के चलते न्यू फरक्का-अजीमगंज सेक्शन पर करीब छह घंटे तक रेल यातायात बाधित रहा। प्रदर्शनकारियों ने धुलियानडांगा-निमतिता सेक्शन पर तोड़फोड़ की थी।

- **मुर्शिदाबाद के जलंगी बीडीओ कार्यालय में तोड़फोड़, शुभेंदु ने राज्य सरकार की चुप्पी पर उठाए सवाल**

नेता प्रतिपक्ष व भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने मुर्शिदाबाद जिले के जलंगी बीडीओ कार्यालय में हुई तोड़फोड़ की घटना को लेकर राज्य सरकार और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने इस घटना को 'लोकतंत्र और शासन पर सुनियोजित हमला' करार दिया है और इसे 'जिहादी ताकतों' द्वारा अराजकता फैलाने की साजिश बताया है। शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को एक्स (पूर्व ट्विटर) पर लिखा कि मैं मुर्शिदाबाद के जलंगी बीडीओ कार्यालय में हुई बर्बर तोड़फोड़ की घटना की कड़ी निंदा करता हूं। यह विरोध नहीं बल्कि पूर्व नियोजित हिंसा थी, जिसे जिहादी ताकतों ने अंजाम दिया, जिनका उद्देश्य समाज के अन्य समुदायों में भय फैलाकर वर्चस्व स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि इस हमले के दौरान सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया, सरकारी अधिकारियों को डराया-धमकाया गया और असंतोष के नाम पर भय और हिंसा का माहौल बनाया गया। शुभेंदु अधिकारी ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि ममता बनर्जी सरकार की चुप्पी भयावह है। आखिर, वह इस तरह की अराजकता को क्यों बढ़ावा दे रही हैं? क्या वोट बैंक की राजनीति राज्य के नागरिकों और संस्थाओं की सुरक्षा से भी ज्यादा महत्वपूर्ण हो गई है? दोषियों की पहचान कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दिये जाने की की मांग करते हुए उन्होंने लिखा कि अगर राज्य सरकार इसके लिए सक्षम नहीं है, तो केंद्र सरकार से सहायता ली जाए। यही कानून-व्यवस्था बहाल करने की दिशा में पहला कदम होगा। अपने इस संदेश में शुभेंदु अधिकारी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, गृह मंत्रालय, राज्यपाल और राज्य के गृह विभाग को टैग करते हुए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

## आईकू ने भारत में लॉन्च की ज़ेड10 सीरीज

**कोलकाता :** हाई-परफॉर्मेंस स्मार्टफोन ब्रांड आईकू ने एक बार फिर इंडस्ट्री में नए मानदंड स्थापित करते हुए भारत में अपनी लेटेस्ट ज़ेड10 सीरीज - आईकू ज़ेड10 और आईकू ज़ेड10एक्स - लॉन्च की है। अत्याधुनिक परफॉर्मेंस और शानदार इनोवेशन के साथ पेश की गई यह सीरीज़ खासतौर पर कॉलेज छात्रों के लिए तैयार की गई है, जो पावरफुल कनेक्टिविटी, इमर्सिव एंटरटेनमेंट और पूरे दिन भर भरोसेमंद परफॉर्मेंस की तलाश में हैं। आईकू ज़ेड10 सीरीज यूज़र्स को मेगाटास्किंग की शक्ति देती है, उन्हें उनके डाइनैमिक लाइफस्टाइल को आसानी से मैनेज करने और पूरे दिन कनेक्टेड रहने में सक्षम बनाती है। आईकू ज़ेड10 सीरीज के बारे में बात करते हुए, आईकू के सीईओ निपुण मार्या ने कहा, जो लोग टेक्नोलॉजी के शौकीन हैं और परफॉर्मेंस को सबसे ज़्यादा अहमियत देते हैं, वे आईकू पर भरोसा करते हैं कि वह हमेशा बेहतरीन इनोवेशन लाए।

## 'मेट्रो राइड कोलकाता' ऐप की लोकप्रियता में जबरदस्त इज़ाफ़ा, 10.95 लाख एंड्रॉइड और 64,000 से अधिक आईओएस उपयोगकर्ताओं ने किया डाउनलोड

**कोलकाता :** 'मेट्रो राइड कोलकाता' ऐप ने अपनी बढ़ती लोकप्रियता के साथ एक और मील का पत्थर पार कर लिया है। अब तक इस ऐप को 10.95 लाख से अधिक एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं और 64,000 से अधिक आईओएस उपयोगकर्ताओं ने डाउनलोड किया है।

रेल सूचना प्रणाली केंद्र (सीआरआईएस) द्वारा विकसित इस ऐप को यात्रियों से शुरू से ही शानदार प्रतिक्रिया मिली है। यह ऐप मेट्रो यात्रियों को किसी भी समय, कहीं से भी अपने स्मार्ट कार्ड को रिचार्ज करने या क्यूआर कोड आधारित टिकट बुक करने की सुविधा देता है। यात्रियों की सुविधा के लिए यह ऐप 5 मार्च 2022 को एंड्रॉइड प्लेटफ़ॉर्म पर और 22 मार्च 2024 को आईओएस प्लेटफ़ॉर्म पर लॉन्च किया गया था।

12 अप्रैल 2025 तक, गूगल प्ले स्टोर से 10.95 लाख से अधिक एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं और एप्पल स्टोर से 64,000 से अधिक आईओएस उपयोगकर्ताओं द्वारा इस ऐप को डाउनलोड किया गया है। ये आँकड़े इस ऐप की लोकप्रियता और स्वीकृति को दर्शाते हैं। मेट्रो स्टेशनों पर मेट्रो कर्मी यात्रियों को यह ऐप डाउनलोड करने में सहायता कर रहे हैं और इसके उपयोग की प्रक्रिया भी समझा रहे हैं।

पिछले महीने मेट्रो रेलवे ने डिजिटल लेन-देन के क्षेत्र में एक उपलब्धि हासिल की है, जिसमें 30% से अधिक टिकट बुकिंग डिजिटल माध्यम से की गई। यात्रियों से अपील की गई है कि वे डिजिटल लेन-देन को अपनाएं और मेट्रो स्टेशन पहुंचने से पहले ही ऑनलाइन टिकट खरीद लें, ताकि विशेष रूप से भीड़भाड़ वाले समय में टिकट काउंटरों पर लंबी कतारों से बचा जा सके।

उल्लेखनीय है कि 26 जनवरी 2025 से इस ऐप में एक नया फीचर जोड़ा गया है, जिसके माध्यम से उपयोगकर्ताओं को मेट्रो सेवाओं से संबंधित नियमित सूचनाएं प्राप्त होती हैं। इनमें नई सेवाओं की शुरुआत, विशेष सेवाएं, सेवा की आवृत्ति में परिवर्तन और सेवा में किसी भी प्रकार की बाधा से जुड़ी जानकारी शामिल है।

## भाजपा सांप्रदायिक तनाव भड़का रही है : डेरेक ओ ब्रायन

**नई दिल्ली/कोलकाता**

तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने शनिवार को भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि भाजपा देशभर में वक्फ कानून को लेकर सांप्रदायिक तनाव भड़काने का काम कर रही है। उन्होंने इसे भाजपा और आरएसएस की क्लासिक चाल करार दिया है। इस दिन, राज्यसभा में टीएमसी संसदीय दल के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने एक पोस्ट शेयर किया। उन्होंने लिखा कि भाजपा ने संसद में आधी रात को वक्फ विधेयक पारित किया। उसके बाद, वे विभिन्न राज्यों में सांप्रदायिकता की आग भड़काने में व्यस्त हैं।



यह भाजपा-आरएसएस की क्लासिक चाल है। उन्होंने इस दौरान आरोप लगाया कि राज्य सरकारों को मीडिया द्वारा खलनायक के रूप में दर्शाया जा रहा है।

## वीवो ने लॉन्च किया वी50ई; लग्जरी डिज़ाइन, प्रो पोर्ट्रेट - 28,999 रुपये से शुरू

**कोलकाता :** इनोवेटिव ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रांड वीवो ने वी50ई लॉन्च किया, जो इसकी स्टाइलिश वी सीरीज का लैटस्ट प्रोडक्ट है। शानदार डिज़ाइन के साथ नेक्स्ट-लेवल पोर्ट्रेट फीचर्स को मिलाकर, वी50ई सोनी मल्टीफोकल प्रो पोर्ट्रेट कैमरा सिस्टम और 50 एमपी आई-एएफ ग्रुप सेल्फी कैमरा के साथ एक बेहतरीन स्मार्टफोन क्सपीरियंस देता है। एक इमर्सिव इनफिनिटी व्यूइंग अनुभव प्रदान करते हुए, यह स्मार्टफोन अल्ट्रा-स्लिम क्वाड-कर्व्ड डिस्प्ले और सिर्फ़ 0.739 सीएम1 वाली स्लीक बॉडी के साथ आता है।

## रिमेडियम लाइफकेर को 49.19 करोड़ के राइट्स इश्यू के लिए बीएसई की मंजूरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** फार्मास्युटिकल इंटरमीडिएट्स और स्पेशियलिटी केमिकल्स का निर्माण करने वाली रिमेडियम लाइफकेर लिमिटेड को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज से अपने प्रस्तावित राइट्स इश्यू के लिए मंजूरी मिल गई है। इस इश्यू के माध्यम से कंपनी 49.19 करोड़ की पूंजी जुटाएगी, जिसका उपयोग मैन्युफैक्चरिंग क्षमताओं को बढ़ाने, नए उत्पादों के विकास और वैश्विक विस्तार की योजनाओं को सशक्त बनाने में किया जाएगा। राइट्स इश्यू की रिकॉर्ड डेट 15 अप्रैल 2025 निर्धारित की गई है। इसके तहत 1 प्रति शेयर मूल्य पर 49,19,04,000 पूरी तरह से चुकता इक्विटी शेयर जारी होंगे। शेयरधारकों को रिकॉर्ड डेट तक उनके पास मौजूद हर 50 शेयरों पर 61 राइट्स शेयर मिलेंगे। कंपनी इस राशि का उपयोग वर्किंग कैपिटल आवश्यकताओं, अनुसंधान एवं विकास के उपकरणों और विस्तार योजनाओं में करेगी। कंपनी के होलटाइम डाइरेक्टर आदर्श मुन्जाल ने इसे एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। फरवरी 2025 में रिमेडियम ने यूके की एक प्रमुख फार्मा डिस्ट्रीब्यूटर के साथ 182.7 करोड़ का मल्टी-ईयर एक्सपोर्ट कॉन्ट्रैक्ट साइन किया था, जिससे इसकी वैश्विक उपस्थिति और सशक्त हुई है।

## सिउरी-कुनुरी और अंडाल-सैंथिया रेलखंड पर आज रहेगा ट्रैफिक ब्लॉक, तीन लोकल रद्द

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे द्वारा आज यानी 13 अप्रैल को रेलवे संरचना से जुड़े दो महत्वपूर्ण कार्यों के चलते ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक लागू किया जा रहा है। सिउरी और कुनुरी स्टेशनों के बीच स्थित पुल संख्या 114/ए की मरम्मत तथा अंडाल और सैंथिया स्टेशनों के बीच लेवल क्रॉसिंग गेट संख्या 22/बी/टी की जगह एक कॉम्पोजिट स्टील गर्डर (रेल ओवर ब्रिज) स्थापित किए जाने के कारण यह ब्लॉक निर्धारित किया गया है। यह ट्रैफिक और पावर ब्लॉक कुल 7 घंटे 30 मिनट तक चलेगा, जो सुबह 06:45 बजे से शुरू होकर दोपहर 14:15 बजे तक प्रभावी रहेगा। इस ब्लॉक के कारण 63531 अंडाल-सैंथिया मेमू पैसेंजर, 63534 सैंथिया-अंडाल मेमू पैसेंजर तथा 63530 रामपुरहाट-अंडाल मेमू पैसेंजर ट्रेनें पूरी तरह से रद्द रहेंगी। यह ब्लॉक 13046 देवघर-हावड़ा मयूराक्षी एक्सप्रेस और 63529 अंडाल-रामपुरहाट मेमू के गुजरने के बाद शुरू होगा। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, पूर्व रेलवे द्वारा विशेष ट्रेन के रूप में एक रामपुरहाट-सैंथिया पैसेंजर ट्रेन चलाई जाएगी, जो रामपुरहाट से दोपहर 13:30 बजे चलेगी।

## गैस टैंकर की टक्कर से बाइक चालक की मौत, एक अन्य गंभीर रूप से घायल

**बांकुड़ा :** बांकुड़ा जिले के दुर्लभपुर बड़जोड़ा राज्य मार्ग पर शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना श्रीचंदनपुर मोड़ के पास उस समय हुई, जब गैस से भरे एक टैंकर ने तेज रफ्तार में सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। बाइक पर सवार दोनों युवक बांकुड़ा के गंगाजलघाटी ब्लॉक के दुबेरडांगा गांव के निवासी थे, जो दुर्लभपुर की ओर जा रहे थे। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, टैंकर अचानक नियंत्रण खो बैठा और सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को अमरकानन ग्रामीण अस्पताल पहुंचाया, लेकिन हालत बिगड़ने पर दोनों को बांकुड़ा सम्मिलनी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां एक युवक ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने दुर्घटनास्थल से टैंकर को जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद से क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है।

## पूर्व रेलवे ने नलहाटी-पाकुड़ और नलहाटी-अजीमगंज सेक्शन के बीच बायपास लाइन के लिए डीपीआर की तैयार

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने सागरदिघी थर्मल पावर स्टेशन के विस्तार को सुचारू बनाने के उद्देश्य से एक महत्त्वपूर्ण पहल की है। पश्चिम बंगाल पावर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा संचालित इस परियोजना के लिए नलहाटी-पाकुड़ और नलहाटी-अजीमगंज सेक्शन के बीच बायपास लाइन के निर्माण हेतु विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को अंतिम रूप दे दिया गया है। इस बायपास लाइन के माध्यम से पाकुड़ क्षेत्र के नए कोयला खदानों से सागरदिघी थर्मल पावर स्टेशन तक कोयले की आपूर्ति अधिक कुशलतापूर्वक सुनिश्चित की जाएगी। सागरदिघी थर्मल पावर स्टेशन की वर्तमान उत्पादन क्षमता 600 मेगावाट है, जिसे पहले चरण में दो 660 मेगावाट की नई इकाइयों के साथ बढ़ाकर 1920 मेगावाट किया जाएगा। इस विस्तार के लिए भारत सरकार के कोयला मंत्रालय द्वारा ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड से 2.0 मिलियन टन प्रति वर्ष कोयले की आपूर्ति स्वीकृत की गई है। वर्तमान रूट अंडाल, सैंथिया और नलहाटी के माध्यम से संचालित होता है, लेकिन वहां भीड़भाड़ और संचालन में बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं। प्रारंभिक सर्वेक्षण के अनुसार, नई लाइन नलहाटी स्टेशन से 2.681 किमी दूरी पर शुरू होकर प्रस्तावित टाकीपुर स्टेशन तक जाएगी, जिससे मनीग्राम में दिशा परिवर्तन की आवश्यकता समाप्त होगी। यह बायपास लाइन कोयला रेकों की आवाजाही को तेज, सुरक्षित और निर्बाध बनाएगी, जिससे पश्चिम बंगाल की विद्युत उत्पादन प्रणाली को एक नई मजबूती मिलेगी।

# कोलकाता के श्री जैन विद्यालय में इंग्लिश कम्युनिकेशन लैब का भव्य उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री जैन विद्यालय, कोलकाता में 11 अप्रैल को एक विशेष समारोह के माध्यम से इंग्लिश कम्युनिकेशन लैब का उद्घाटन किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य छात्रों के अंग्रेजी संवाद कौशल को सुदृढ़ करना है। आधुनिक शिक्षा प्रणाली के अनुरूप यह प्रयोगशाला विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, कला एवं गणित जैसे विषयों के साथ संवाद क्षमता को भी जोड़ती है। कोलकाता में इस प्रकार की अभिनव व्यवस्था को किसी विद्यालय में पहली बार लागू करने का गौरव श्री जैन विद्यालय को प्राप्त हुआ है। समारोह की अध्यक्षता विद्यालय अध्यक्ष विनोद कांकरिया ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के वर्ष 2024-25 के प्रेसिडेंट रंजीत कुमार



अग्रवाल उपस्थित रहे। उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में इस बात पर ज़ोर दिया कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में केवल शैक्षणिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रभावशाली संवाद कौशल, विशेषकर अंग्रेजी भाषा में दक्षता, वैश्विक स्तर पर सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक है।

मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित मायरा एकेडमी के संस्थापक डॉ. मनीष झा ने स्टीम आधारित शिक्षा की आवश्यकता और लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। समारोह की शुरुआत विद्यालय के सचिव मनोज बोथरा द्वारा स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि विद्यालय शिक्षा की गुणवत्ता को निरंतर बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। समस्त कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका सुमिता कौशिक ने किया। उन्होंने मंच संचालन के साथ-साथ वक्ताओं का परिचय प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम को सुनियोजित ढंग से आगे बढ़ाया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं, अभिभावकगण एवं विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे, जिनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। समारोह के अंत में विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। उन्होंने इस पहल को छात्रों के आत्मविश्वास, वैश्विक दृष्टिकोण और भाषा दक्षता के विकास की दिशा में एक निर्णायक कदम बताया।

## पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने प्रमुख स्टेशनों पर स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने शनिवार को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से रिसड़ा, बंडेल और कामारकुंडु रेलवे स्टेशनों एवं आस-पास के क्षेत्रों में एक विशेष अभियान का आयोजन किया। यह पहल पूर्व रेलवे के पर्यावरण एवं हाउसकीपिंग प्रबंधन विभाग के नेतृत्व में संचालित की गई, जिसमें मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक (सीएचआई), रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और स्थानीय दुकानदारों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। इस अभियान के अंतर्गत लोगों को स्वच्छता बनाए रखने की जिम्मेदारी समझाई गई और स्वच्छ भारत मिशन के संदेश को आगे बढ़ाया गया। अभियान के दौरान प्लास्टिक




प्रदूषण की समस्या पर विशेष रूप से जोर दिया गया।

अधिकारियों ने यात्रियों को प्लास्टिक कचरे से होने वाले पर्यावरणीय और स्वास्थ्य संबंधी नुकसान के बारे में जानकारी दी और उन्हें प्लास्टिक के स्थान पर पर्यावरण अनुकूल विकल्पों जैसे बोतलें और कंटेनरों के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही, स्टेशन परिसरों में उपलब्ध निर्धारित कचरे के डब्बों का उपयोग कर स्वच्छता में सहयोग करने की अपील की।

## मोबाइल चोर के संदेह में युवक की बेरहमी से पिटाई, हुई मौत

**कोलकाता, समाज्ञा**

दक्षिण 24 परगना के भांगड़ स्थित इलाके में एक युवक को मोबाइल चोर समझकर बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है। जिसमें उसकी मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान अमीरुल लस्कर के रूप में हुई है, जो भांगड़ के गाजीराइट का निवासी था। शनिवार सुबह इलाके के एक तालाब में उसका शव तैरता हुआ देखा गया। जब परिवार को इसकी जानकारी मिली, वे घटनास्थल पर पहुंचे और शव की पहचान की। मृतक की मां अनीसा बीबी ने आरोप लगाया कि उनके बेटे का कुछ लोगों से झगड़ा चल रहा था। उन्होंने अमीरुल को झूठे आरोप में फंसाते हुए मोबाइल चोर का नाम दे दिया। शुक्रवार की रात उसे घर से बुलाया गया और फिर वह वापस नहीं लौटा। घटना की जानकारी चंदनेश्वर थाना पुलिस को दी गई।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिवार ने आरोपियों को कड़ी सजा दिलवाने की मांग की है। चंदनेश्वर थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है, हालांकि अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। यह घटना इस बात का प्रमाण है कि प्रशासन द्वारा भीड़ द्वारा हिंसा को रोकने के लिए लगातार सख्त संदेश दिए जाने के बावजूद, यह सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।

## काकुड़गाछी परिवार ने भगवान महावीर की 2624वीं जयंती पर निकाली प्रभात फेरी, किए सेवा कार्य

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के काकुड़गाछी क्षेत्र में भगवान महावीर की 2624वीं जन्म जयंती बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर के तत्वावधान में आयोजित इस समारोह की शुरुआत प्रभात फेरी से हुई, जिसमें पुरुष श्रद्धालु सफेद वस्त्रों और महिलाएं केसरिया परिधानों में भगवान महावीर के सिद्धांतों पर चलने का संदेश देती नजर आईं। जुलूस में भगवान महावीर की एक भव्य झांकी भी शामिल थी, जिसने श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित किया। दोपहर में विभिन्न सेवा कार्यों का आयोजन किया गया। स्थानीय ईएसआई हॉस्पिटल, मानिकतला में भर्ती मरीजों को फल, मिठाई, फल संदेश और ग्लूकोन-डी वितरित किए गए।



इसके अलावा, अलकेंदु बोध निकेतन में विशेष रूप से सक्षम बच्चों के बीच फल और नाश्ते का वितरण किया गया। बी.सी. रॉय हॉस्पिटल और बोधि पीठ में भी बच्चों के बीच फल एवं बिस्किट बांटे गए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अजीत सेठी, पन्ना छाबड़ा, भूपेंद्र सेठी, भरत जैन, जितेंद्र जैन, भागचंद काला, संजय ज्योति काला, मनीष पाटनी, हर्ष बड़जात्या, संजय सोनम काला, शशि सेठी, शर्मिला पांड्या और भरत गंगवाल की विशेष भूमिका रही।

# आंबेडकर के बनाए संविधान के प्रति ममता बनर्जी के मन में कोई सम्मान नहीं : सुधांशु त्रिवेदी

**इंदौर (मध्यप्रदेश)/कोलकाता :** बंगाल में वक्फ (संशोधन) अधिनियम लागू करने से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इनकार पर भाजपा के राज्यसभा सदस्य व प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने शनिवार को कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर के बनाए संविधान को लेकर ममता बनर्जी के मन में कोई सम्मान नहीं है। त्रिवेदी ने इंदौर में संवाददाताओं से कहा कि अगर ममता बनर्जी वक्फ कानून को पश्चिम बंगाल में लागू करने से इनकार कर रही हैं, तो साफ हो चुका है कि आंबेडकर के बनाए संविधान के प्रति उनके मन में कोई सम्मान नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता



बनर्जी 'उग्र और आपराधिक तत्वों' को साथ लेकर राज्य में सरकार चला रही हैं। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि संभवत: ममता बनर्जी की सरकार इन तत्वों की 'बंधक' हो गई है, इसलिए मुख्यमंत्री इन तत्वों के हाथों विवश हैं और वह संविधान विरोधी बयान देने के अलावा और कुछ नहीं कर सकतीं। त्रिवेदी ने कहा कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम सभी संवैधानिक मान्यताओं और प्रक्रियाओं को पूरा करते हुए बनाया गया है। उन्होंने कहा कि भारत की संवैधानिक व्यवस्था में देश के किसी भी राज्य की विधानसभा केंद्र सरकार के पारित कानून को लागू करने से मना नहीं कर सकती।

**❑ बंगाल में हिंदुओं को टारगेट कर हो रही हिंसा : प्रदीप भंडारी**

पश्चिम बंगाल में वक्फ (संशोधन) विधेयक के खिलाफ कई जगहों पर हो रहे हिंसक प्रदर्शन पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके ममता बनर्जी पर निशाना साधा। उन्होंने पश्चिम बंगाल में हिंदुओं को निशाना बनाकर हिंसा करने का आरोप लगाया। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि राज्य में हिंदुओं को टारगेट करके हिंसा हो रही है। हिंसा को ममता बनर्जी बढ़ावा दे रही हैं। वक्फ संशोधन विधेयक को जब संसद द्वारा पारित किया गया तो इसे देशभर में स्वीकार किया गया और कुछ जगह शांतिपूर्ण प्रदर्शन चल रहे हैं। लेकिन स्वामी विवेकानंद, श्यामा प्रसाद मुखर्जी और रवींद्रनाथ टैगोर की धरती, बंगाल को आज ममता बनर्जी ने तुष्टिकरण का प्रयोगशाला बना दिया। भंडारी ने आगे कहा कि पास के ही राज्य असम में सब कुछ ठीक है, इसके अलावा देश के हर कोने में माहौल ठीक है, परंतु बंगाल में हिंसा इसलिए हो रही है, क्योंकि ममता बनर्जी इसका समर्थन कर रही हैं। पुलिस प्रशासन एक तरफ अध्यापकों पर लाठी और डंडे चलाता है, क्योंकि शिक्षक भर्ती घोटाले में ममता बनर्जी एक्सपोज हो चुकी हैं, वहीं दूसरी तरफ मालदह, मुर्शिदाबाद और नदिया में हिंदुओं पर हमला किया जा रहा है, इस दौरान पुलिस शांत बैठती है। पुलिस पर भी हमला होता है, तो भी पुलिस शांत रहत है। क्योंकि ममता बनर्जी ने पुलिस के हाथ को बांध रखा है।

## कड़ी सुरक्षा के बीच बंगाल में मना हनुमान जन्मोत्सव

**❑ बस से भगवा झंडा उतारे जाने के खिलाफ भाजपा ने पूरे राज्य में किया विरोध प्रदर्शन**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल में शनिवार को कई जगहों पर भाजपा के नेताओं और हिंदू संगठनों ने कड़ी सुरक्षा के बीच हनुमान जन्मोत्सव मनाया। एक अधिकारी ने बताया कि समारोह को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए राजधानी कोलकाता सहित विभिन्न जिलों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। सूत्रों ने बताया कि भाजपा और अन्य संगठनों ने हनुमान जन्मोत्सव पर कोलकाता में करीब 60 जगहों पर पूजा व हनुमान चालीसा का पाठ किया। सिलीगुड़ी, आसनसोल, पुरुलिया और दुर्गापुर सहित राज्य भर में विभिन्न स्थानों पर भी हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

उल्लेखनीय है कि बंगाल में वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ गुरुवार को कोलकाता में जमीयत-उलेमा-



ए-हिंद के विरोध प्रदर्शन के दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा एक बस से भगवा झंडा उतरवाने की घटना के खिलाफ विपक्षी भाजपा के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव पर पूरे राज्य भर में विरोध प्रदर्शन भी किया। भाजपा नेता व विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने इसे पूरे विश्व के हिंदुओं के आस्था पर आघात व अपमान बताते हुए ममता सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था। शुभेंदु भी इस घटना के खिलाफ कोलकाता में विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस मूकदर्शक बनी रही और कट्टरपंथियों ने दिनदहाड़े कोलकाता में चालक को बस से राम का झंडा उतारने पर मजबूर किया। उन्होंने ममता सरकार पर मुस्लिमों के तुष्टीकरण में लिप्त रहने का आरोप लगाया।

## बर्दवान-हाटिया-बर्दवान मेमू ट्रेन का चंद्रपुरा तक सीमित परिचालन

**कोलकाता :** दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची मंडल के मूरी और हाटिया स्टेशनों के बीच अप एवं डाउन लाइन पर ट्रैक मरम्मत कार्य के कारण पूर्व रेलवे की 13503/13504 बर्दवान-हाटिया-बर्दवान मेमू ट्रेन का परिचालन 13 अप्रैल 2025 से 24 मई 2025 तक प्रत्येक रविवार, सोमवार, बुधवार, गुरुवार और शनिवार को चंद्रपुरा जंक्शन तक सीमित रहेगा। इस अवधि में यह ट्रेन हाटिया तक न जाकर चंद्रपुरा से ही प्रस्थान करेगी और वहीं समाप्त होगी। यात्रियों से अनुरोध है कि यात्रा से पूर्व समय सारणी की जानकारी अवश्य प्राप्त करें। रेलवे प्रशासन यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद प्रकट करता है और सहयोग की अपेक्षा करता है।

## भूतपूर्व मतदाताओं को चिन्हित करने मैदान में उतरी तृणमूल कांग्रेस

**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस अप्रैल के मध्य से एक वार्षिक मतदाता सूची सत्यापन अभियान शुरू करने जा रही है, जिसका मुख्य उद्देश्य फर्जी (भूतपूर्व) मतदाताओं को मतदाता सूची से हटाना है। इस अभियान की शुरुआत पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की उपस्थिति में होगी। यह कार्यक्रम राज्य के 80,000 से अधिक बूथों को शामिल करेगा और इसे एक विशेष मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से संचालित किया जाएगा, जिससे मतदाता सत्यापन की पूरी प्रक्रिया अधिक प्रभावी और आसान हो जाएगी। बीएलए-2 (बूथ लेवल एजेंट-2) कार्यकर्ता एक दीर्घकालीन घर-घर सर्वेक्षण के आधार पर वर्तमान मतदाता सूची को अद्यतन करेंगे। यह ऐप न केवल जानकारी एकत्र करने का माध्यम होगा, बल्कि यह प्रतिक्रिया साझा करने के लिए एक मंच के रूप में भी कार्य करेगा। इस ऐप के जरिए रीयल-टाइम मतदाता सत्यापन, भौगोलिक टैगिंग और मैदान पर कार्यरत कर्मचारियों द्वारा रिपोर्टिंग की सुविधा उपलब्ध होगी। इस कार्यक्रम के लिए पंचायत मतदाता सूची पर्यवेक्षक / वार्ड मतदाता सूची सत्यापन पर्यवेक्षक तथा ब्लॉक मतदाता सूची पर्यवेक्षक / नगर मतदाता सूची सत्यापन पर्यवेक्षक पहले ही नियुक्त किए जा चुके हैं और उनका प्रशिक्षण भी प्रारंभ हो चुका है। साथ ही, राज्य के विभिन्न जिलों में बीएलए-2 के प्रशिक्षण की प्रक्रिया भी चल रही है। तृणमूल सूत्रों के अनुसार, 27 फरवरी को नेताजी इंडोर स्टेडियम में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देश पर, आई-पैक (इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी) से जुड़े हितधारक भी इस प्रशिक्षण प्रक्रिया में शामिल रहे हैं। इस ऐप में रेडिट जैसे उपयोगकर्ता संवाद फीचर होंगे और इसके माध्यम से मतदाता सूची सत्यापन से संबंधित अद्यतन जानकारी, तस्वीरें और वीडियो, तथा दल की गतिविधियों से जुड़ी जानकारियाँ साझा की जा सकेंगी।

## हावड़ा में हनुमान जयंती पर शुभेंदु अधिकारी ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा में हनुमान जयंती के अवसर पर विपक्षी नेता शुभेंदु अधिकारी ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने मंच से राज्य प्रशासन की निष्क्रियता और केंद्रीय बलों की तैनाती पर विस्फोटक टिप्पणियां कीं। शुभेंदु के भाषण में कई राजनीतिक संदेश भी साफ तौर पर दिखाई दिए। शुभेंदु ने कहा, मैं विपक्षी पार्टी का नेता हूं। जब जंगीपुर में अशांति हुई, तब उसी दिन राज्यपाल, मुख्य सचिव और गृह सचिव को केंद्रीय बलों को तैनात करने के लिए पत्र लिखा गया था। मुख्यमंत्री से भी प्रेस कॉन्फ्रेंस में अनुरोध किया गया था। यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं था, यह आम जनता की जान और संपत्ति की सुरक्षा का सवाल था, लेकिन फिर भी कुछ नहीं किया गया इसलिए मैंने अदालत का दरवाजा खटखटाया। मैं कोलकाता हाई कोर्ट का सदस्य हूं।



इसके बाद शुभेंदु ने और एक कदम आगे बढ़ते हुए कहा, कोलकाता हाई कोर्ट, मुख्य न्यायाधीश से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक-इन लोगों ने आम जनता, खासकर हिंदू लोगों की रक्षा की है। उन्होंने सुरक्षा प्रदान की। मैं अदालत की उस संस्था का स्वागत करता हूं। शुभेंदु ने अपने भाषण में कुछ असंगत बातें भी कहीं, लेकिन उनका मुख्य संदेश राज्य सरकार पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने में विफलता का आरोप लगाना और हाई कोर्ट के हस्तक्षेप का स्वागत करना था। इस कार्यक्रम से शुभेंदु ने स्पष्ट रूप से यह संदेश दिया कि हाल की अशांति के बावजूद राज्य सरकार चुप रही, जबकि अदालत और केंद्रीय बल जनता के हित में आगे आए हैं।

## हावड़ा में राष्ट्रीय राजमार्ग पर हादसे का शिकार हुई नौशाद सिद्दीकी की गाड़ी, विधायक सुरक्षित

**हावड़ा, समाज्ञा :** आईएसएफ विधायक नौशाद सिद्दीकी की गाड़ी शुक्रवार की रात हावड़ा के अंकुरहाटी इलाके में एक सड़क हादसे का शिकार हो गई। यह दुर्घटना उस समय हुई जब विधायक कोलकाता से कोलाघाट की ओर जा रहे थे। उनकी गाड़ी को एक तेज़ रफ्तार लॉरी ने टक्कर मार दी।

हालांकि, राहत की बात यह रही कि विधायक पूरी तरह सुरक्षित हैं, जबकि उनके वाहन चालक को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार की रात करीब 11 बजे नौशाद सिद्दीक़ी अपने कुछ सहयोगियों के साथ कोलकाता से कोलाघाट की ओर जा रहे थे। तभी, डोमजुड़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अंकुरहाटी इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग पर अचानक एक लॉरी ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। हादसे के बाद गाड़ी वहीं रुक गई और अंदर बैठे लोग घबरा गए। घटना की जानकारी मिलते ही डोमजुड़ थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। हादसे में विधायक की गाड़ी को काफ़ी नुकसान हुआ है। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है और नौशाद व उनके साथियों को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए एक वैकल्पिक वाहन की व्यवस्था की गई। पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगे सीसीटीवी फुटेज की मदद से लॉरी की पहचान कर ली है और कुछ ही दूरी पर उसे जब्त भी कर लिया गया। फिलहाल, यह जांच की जा रही है कि किस परिस्थिति में लॉरी ने विधायक की गाड़ी को टक्कर मारी।

## लेकटाउनधाम में श्री हनुमान जन्मोत्सव पर लगा भक्तों का तांता

**कोलकाता :** लेकटाउन स्थित श्री बाल हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर प्रातः मंगला आरती के साथ शुरू हुआ भक्तों का तांता मध्यरात्रि शयन आरती तक अनवरत जारी रहा। इस आशय की जानकारी देते हुए लेकटाउनधाम के प्रधान सेवायत पं. बजरंगलाल शर्मा भाईजी एवं ट्रस्टी दिलीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर श्री बाल हनुमान जी को सवा क्विंटल के पंचमेवा के एक महारोट का भोग लगाया गया। आराध्य देवों के श्रीविग्रह के साथ साथ पूरे धाम की अलौकिक सजावट व आलोक सज्जा भक्तों का मन मोह रही थी।

राज्य के दमकल मंत्री सुजीत बोस, साउथ दमदम पालिका के उप चेयरमैन निताई दत्त, जोड़ासांको के विधायक विवेक गुप्ता, पार्षद मीनादेवी पुरोहित, महेश शर्मा, स्थानीय पार्षद माया माइती, हरिकिशन राठी, हाईकोर्ट के



न्यायधीश मदुरेश प्रसाद, सीआईएसएफ के एसीपी संजीव कुमार राठी, सहित अनेकानेक विशिष्ट जन भी उपस्थित हुए। आयोजन की सफलता में अ.भा. गौड़ ब्राह्मण सभा, अवनी ऑक्सफोर्ड फेज 1 सदस्य वृन्द, श्रीभूमि संसद, श्रीभूमि विकास मंच, बांगुड़ एवेन्यू संघ, बांगुड़ जागरण मंच, पूर्व कलकत्ता नागरिक परिषद, श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार महिला समिति, श्री बाल हनुमान महिला समिति के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ सर्वश्री गंगा प्रसाद चौधरी, अमित धानुका, सुधीर गाडिया, दीपक सोमानी, सुधीर शर्मा, अनूप जोशी, राजेश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, प्रवीण मित्तल, कौशल अग्रवाल, आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## बंगाल सरकार ने 300 से अधिक स्कूल कर्मचारियों के तबादले पर लगाई रोक

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के लगभग 26,000 शिक्षकों की नियुक्तियों को रद्द कर दिए जाने के खिलाफ जारी प्रदर्शन के बीच स्कूल शिक्षा विभाग ने अपने पहले के उस फैसले पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी जिसमें सरकार द्वारा संचालित और सहायता प्राप्त स्कूलों के 374 कर्मचारियों का दूरस्थ कार्यस्थलों पर तबादला करने का निर्णय लिया गया था। स्कूल शिक्षा विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि स्कूल में आवश्यकता से अधिक कर्मचारी होने के कारण तबादले का आदेश दिया गया था, लेकिन अब इसे रोक दिया गया है। उन्होंने बताया कि स्कूल में कर्मचारियों की संख्या में असंतुलन को दूर करने के लिए यह आदेश दिया गया था। अधिकारी ने बताया कि तबादला करने के निर्णय का उद्देश्य विभिन्न विद्यालयों में कर्मचारियों की असमान संख्या होने से उत्पन्न असमानताओं को दूर करना था। लेकिन इस प्रक्रिया को फिलहाल रोक दिया गया है। स्कूल के कर्मचारियों के तबादले के निर्णय पर रोक लगाने का कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया गया। लेकिन यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब उच्चतम न्यायालय ने तीन अप्रैल को पश्चिम बंगाल राज्य सरकार द्वारा संचालित और राज्य सहायता प्राप्त स्कूलों में 25,753 शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति को अवैध और पूरी चयन प्रक्रिया को 'त्रुटिपूर्ण और विकृत' करार दिया था। अधिकारी ने बताया कि माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के 605 कर्मचारियों के स्थानांतरण की प्रक्रिया पहले ही पूरी हो चुकी है।

## तनिष्क ने अपना खास बैंगल कलेक्शन 'कोंकनकथा' किया लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** तनिष्क ने नया साल और अक्षय तृतीया जैसे शुभ अवसर के लिए बंगाल की सांस्कृतिक विरासत को समर्पित अपनी खास बैंगल कलेक्शन 'कोंकनकथा' को लॉन्च किया है। यह विशेष कलेक्शन बंगाल की परंपरा को आधुनिक डिजाइन के साथ जोड़ता है। इस कलेक्शन का भव्य अनावरण कोलकाता स्थित ताज बंगाल होटल में मशहूर अभिनेत्री मिमी चक्रवर्ती की उपस्थिति में किया गया। 'कोंकनकथा' कलेक्शन बंगाल की समृद्ध कला, वस्त्र शिल्प और पारंपरिक प्रतीकों से प्रेरित है। इसमें अल्पना जैसे शुभचिन्हों के साथ कंकन, लोहा, बाला और चूड़ जैसी चूड़ियों को आधुनिक रूप में प्रस्तुत किया गया है। इस अवसर पर टाइटन



कंपनी लिमिटेड के रीजनल बिजनेस हेड सोमप्रभ सिंह ने कहा, 'कोंकनकथा' बंगाल की परंपराओं और आधुनिकता के मेल का प्रतीक है। यह सिर्फ आभूषण नहीं, बल्कि भावनाओं और स्मृतियों का प्रतिबिंब है। अभिनेत्री मिमी चक्रवर्ती ने कहा, यह कलेक्शन बंगाल की कलात्मक आत्मा को छूता है और पारंपरिक या फ्यूजन पोशाकों के साथ समान रूप से मेल खाता है। 'कोंकनकथा' कलेक्शन अब पश्चिम बंगाल, अगरतला और सिलचर के सभी तनिष्क स्टोर्स पर उपलब्ध है।

## लेंसकार्ट की अनोखी पहल: अब मुफ्त में बदलिए अपने पुराने चश्मे के लेंस

**कोलकाता :** लेंसकार्ट ने एक अभिनव कदम उठाया है - फ्री लेंस रिप्लेसमेंट प्रोग्राम। अब कोई भी व्यक्ति अपने पुराने चश्मे के फ्रेम में बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के नया लेंस लगवा सकता है। भारत में बहुत से लोग पुराने लेंस के साथ ही जीवन बिता रहे हैं, क्योंकि लेंस बदलवाना अब भी महंगा और समय लेने वाला काम माना जाता है। नेत्र विशेषज्ञों के अनुसार, समय पर लेंस न बदलवाना आंखों की सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है, खासकर 40 की उम्र के बाद। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए लेंसकार्ट ने अपने 2000 से अधिक स्टोर्स पर यह कार्यक्रम शुरू किया है। ग्राहक किसी भी ब्रांड के पुराने फ्रेम को लेकर स्टोर में जाकर तुरंत नया लेंस लगवा सकते हैं। केवल 199 में प्रोफेशनल फिटिंग की सुविधा भी दी जा रही है। इस योजना में ब्लू-लाइट फिल्टर, फोटोक्रोमिक और एंटी-ग्लेयर जैसे कई विकल्प भी उपलब्ध हैं।

## हनुमान जयंती पर तृणमूल और बीजेपी के बीच राजनीतिक टकराव, उत्तर हावड़ा में शोभायात्रा

**हावड़ा, समाज्ञा :** हनुमान जयंती के अवसर पर हावड़ा में तृणमूल और बीजेपी के बीच राजनीतिक हलचल देखने को मिली। राम नवमी की तरह हनुमान जयंती को लेकर भी दोनों प्रमुख दलों में एक-दूसरे से मुकाबला जारी है। शासक और विरोधी दोनों पक्ष अपने-अपने क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए तैयार हैं। उत्तर हावड़ा में कमल संघ की ओर से एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें विपक्षी दल के नेता शुभेंदु अधिकारी भी शामिल हुए। वहीं, उत्तर हावड़ा में एक



शोभायात्रा का आयोजन हुआ, जिसमें उत्तर हावड़ा के तृणमूल विधायक गौतम चौधरी भी उपस्थित रहे। गदा घुमाकर उन्होंने शोभायात्रा में भाग लिया और इस दौरान कहा कि हनुमान किसी एक व्यक्ति के नहीं हैं। विधायक गौतम चौधरी ने आगे कहा कि धर्म के नाम पर राजनीति विरोधी करते हैं, लेकिन शासक दल हमेशा सभी धर्मों के लोगों के साथ खड़ा रहता है।

## हनुमान जन्मोत्सव पर तेलकल घाट स्थित नागा बाबा आश्रम में अंजनी पुत्र सेना ने किया भव्य आयोजन

**हावड़ा :** हावड़ा के तेलकल घाट स्थित नागा बाबा आश्रम के हनुमान मंदिर में अंजनी पुत्र सेना द्वारा महावीर बजरंगबली हनुमानजी का जन्मोत्सव अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम से मनाया गया। इस पावन अवसर पर 108 दीपों की दीपमाला से मंदिर को रोशन किया गया तथा राम नाम संकीर्तन, सुमधुर भजन संध्या, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ और भव्य महाआरती का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में भारी संख्या में संस्था के सदस्य, कार्यकर्ता एवं स्थानीय श्रद्धालु उपस्थित रहे। पतित पावनी माँ गंगा की कल-कल बहती धारा, पूनम की चंद्रिमा और मंत्रोच्चारों के बीच अखंड ज्योति की प्रज्वलित लौ सनातन संस्कृति का दिव्य स्वरूप प्रस्तुत कर रही थी। वातावरण में पवन के झोंकों के साथ ऐसा




प्रतीत हो रहा था मानो स्वयं अंजनी पुत्र हनुमान जी करताल लेकर राम नाम संकीर्तन कर रहे हों।

भजन संध्या में गीता मनीषी गोपाल चटर्जी के कोकिल कंठ से भजनों की अमृत वर्षा हुई, वहीं वरिष्ठ सदस्य बद्रीनारायण सिंह एवं महेश बिनानी की युगल संकीर्तन प्रस्तुति ने सभी राम भक्तों को झूमने पर विवश कर दिया।

संस्था के अध्यक्ष नरसिंह दास राठी एवं सचिव सुरेंद्र वर्मा ने सभी आगंतुकों को प्रसाद, भगवा पताका एवं हनुमान चालीसा की पुस्तिका भेंट कर जन्मोत्सव की मंगलमय शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के पश्चात श्री राम नवमी शोभायात्रा की समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों को धर्म युद्ध की संज्ञा देते हुए हर सनातनधर्मी को संस्था से जोड़ने एवं हर क्षेत्र में सक्रिय सदस्यता अभियान चलाने का संकल्प लिया गया।

पूरे आयोजन को सफल बनाने में संस्था की समर्पित टीम के साथ युवराज सिंह की विशेष भूमिका सराहनीय रही।

## हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में हावड़ा में विशाल शोभायात्रा, मंत्री अरूप राय ने की एकता की अपील



**हावड़ा, समाज्ञा :** हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में मध्य हावड़ा के वॉर्ड 29 स्थित रामेश्वर मालिया लेन से एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा का नेतृत्व पूर्व पार्षद शैलेश राय ने किया। शोभायात्रा में पश्चिम बंगाल सरकार के मंत्री अरूप राय भी शामिल हुए और उन्होंने लोगों से एकता बनाए रखने की अपील की। मंत्री अरूप राय खुद हनुमान जी की गदा लेकर जुलूस में चल रहे थे। शोभायात्रा में विभिन्न प्रकार के शोभनीय भगवानों को सजाया गया था, जिसमें मां काली, भगवान शिव और बजरंगबली को साक्षात गदा के साथ शामिल किया गया। इसके साथ ही राजस्थानी नृत्य का भी शानदार प्रदर्शन किया गया। यह शोभायात्रा करीब डेढ़ किलोमीटर तक चली, जिसमें प्रशासन का पूरा सहयोग प्राप्त हुआ। इस शोभायात्रा में हजारों की संख्या में हनुमान और राम भक्तों ने भाग लिया और यह आयोजन सामाजिक और धार्मिक एकता का प्रतीक बना।

## बांसबेड़िया में हनुमान जन्मोत्सव पर निकली विशाल शोभायात्रा, पारंपरिक शस्त्रों की कलाकृतियों ने खींचा ध्यान

**हुगली, समाज्ञा :** हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर बांसबेड़िया में हनुमान सेवा समिति एवं जनकल्याण संघ के तत्वावधान में एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में राम-हनुमान भक्तों ने भाग लिया। भक्तों ने गदा, तलवार, त्रिशूल जैसे पारंपरिक अस्त्रों को कलात्मक रूप से सजाया और पूरे गौरव के साथ उनका प्रदर्शन किया, जिससे जनसमूह मंत्रमुग्ध हो गया। इन शस्त्रों पर धार्मिक प्रतीकों, रंग-बिरंगे कपड़ों और रामायण से जुड़े चित्रों की झलक भी देखने को मिली। शोभायात्रा के दौरान पूरा शहर 'जय श्री राम' और 'जय हनुमान' के जयकारों से गूंज उठा और हर गली-मोहल्ला भगवा ध्वजों से पट गया।

सुरक्षा की दृष्टि से बांसबेड़िया को



पूरी तरह पुलिस छावनी में बदल दिया गया था। हुगली ग्रामीण पुलिस अधीक्षक कामनाशीष सेन स्वयं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ निगरानी कर रहे थे। रूट पर पुलिस, रैफ और सिविक जवानों की भारी तैनाती की गई थी, साथ ही एंबुलेंस, दमकल वाहन, मेडिकल कैम्प, आंसू गैस और वाटर कैनन भी मुस्तैद रखे गए।

शोभायात्रा की शुरुआत हनुमान मंदिर, मिल बाजार से होकर इस्लामपाड़ा, शिवपुर राजघाट, झुलानिया मोड़, जूट मील गेट होते हुए मंदिर प्रांगण में सम्पन्न हुई।

## पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक ने मालदा मंडल के विभिन्न स्टेशनों का किया निरीक्षण

**कोलकाता :** पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देवुष्कर ने मालदा मंडल के अंतर्गत आने वाले कई महत्वपूर्ण स्टेशनों का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कमरटोला, साहिबगंज जंक्शन, बरहरवा जंक्शन और बोनिडांगा स्टेशन का दौरा किया। उनके साथ मालदा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक और वरिष्ठ मंडलीय अधिकारी भी मौजूद थे।

निरीक्षण की शुरुआत मालदा टाउन स्टेशन से विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण के साथ हुई, जिसमें कमरटोला, साहिबगंज और बरहरवा जंक्शन खंड के ट्रैक फिटिंग्स, सिग्नलिंग सिस्टम और ओएचई (ओवरहेड इलेक्ट्रिक) फिटिंग्स की स्थिति का जायजा लिया गया, जिससे मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन उच्च गति पर सुरक्षित रूप से किया जा सके।

कमरटोला स्टेशन पर महाप्रबंधक ने यात्री सुविधाओं और सुरक्षा से



संबंधित अवसंरचना जैसे पैनल रूम, आईपीएस (इंटीग्रेटेड पावर सप्लाई) सिस्टम और स्टेशन के आस-पास के क्षेत्रों की समीक्षा की। उन्होंने मंडल रेल प्रबंधक को स्टेशन भवन में आवश्यक संशोधन करने, विकास कार्यों की नियमित निगरानी करने और सुरक्षा उपायों को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।

साहिबगंज जंक्शन पर उन्होंने 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों की प्रगति और मास्टर प्लान की गहन समीक्षा की। उन्होंने स्टेशन के प्रवेश एवं निकास द्वारों पर किए जा रहे सुधारों का निरीक्षण किया, जिससे यात्रियों को अधिक सुविधा और सुगमता मिले। इस दौरान उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग केबिन, पैनल रूम, रनिंग रूम और क्रू लॉबी जैसी परिचालनिक सुविधाओं का भी निरीक्षण किया और सुरक्षा मानकों की समीक्षा की ताकि ट्रेनों का संचालन सुचारु एवं सुरक्षित रूप से किया जा सके।

महाप्रबंधक ने स्टेशन पर नव-परिचालित ओएचई निरीक्षण कार का उद्घाटन किया और डेमू शेड का निरीक्षण कर उसकी कार्यक्षमता और रखरखाव की स्थिति को देखा। उन्होंने स्थानीय चैंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों से भी भेंट की, उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें संभव समाधान का आश्वासन दिया। मीडिया से बातचीत के दौरान श्री देवुष्कर ने बताया कि पूर्व रेलवे सभी परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है और रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता हमेशा से सुरक्षा रही है।

बरहरवा जंक्शन पर उन्होंने यात्री सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा की और स्थानीय नागरिकों से संवाद कर उनकी चिंताओं को गंभीरता से सुना तथा यथासंभव समाधान का आश्वासन दिया। इसके पश्चात वे बोनिडांगा लिंक केबिन पहुंचे और वहाँ आवश्यक सुधारों के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राउंड स्टाफ से मुलाकात कर उन्हें सुरक्षा मानकों का पूर्णतः पालन करने और परिचालनिक अनुशासन बनाए रखने की सलाह दी।

हर स्थल पर उन्होंने कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए, जिससे पूर्व रेलवे की बुनियादी संरचना के सतत विकास और आधुनिकीकरण की प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है।

निरीक्षण के अंत में महाप्रबंधक ने डीआरएम कार्यालय के कॉन्फ्रेंस रूम में मालदा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक एवं शाखा अधिकारियों के साथ बैठक कर निरीक्षण की समग्र समीक्षा की।

# स्वर्ग का नजारा है माउंट आबू

विनोद बब्बर

**पर्यटन**



राजस्थान का एकमात्रा पर्वतीय स्थल माउंट आबू न केवल गर्मियों का स्वर्ग है बल्कि 11वीं और 13वीं सदी के बेहतरीन स्थापत्यकाल के अद्भुत नमूने दिलवाड़ा जैन मंदिरों ने इसे जैनों का प्रमुख तीर्थ बना दिया है। रेतीले टीले, हरी-भरी पहाड़ियां, खूबसूरत झीलें, विशाल किले, भव्य महल, रंगबिरंगे परिधानों में स्त्री-पुरूष, ऊंट, हाथी, बाघ, तपती धूप और शाम की ठंडी बयार- जी हाँ, इन विरोधाभासों को विविधता में बदलना देखना हो तो राजस्थान का कोई जवाब नहीं।

राजस्थान का इतिहास करीब 500 साल पुराना आन-बान-शान, राजे और रजवाड़े के लिए मशूहर इस राज्य में पर्यटकों के लिए मानों खजाना खुला है। यह प्रदेश अपने राजसी ठाठ-बाट के लिए जाना जाता है। यहाँ के महल, हवेलियां, किले अपनी भव्यता के लिए विख्यात है। उदयपुर को झीलों की नगरी कहा जाता है। पक्षियों के लिए जगह है सरिस्का में। साइबेरियाई सारस के शीतकालीन निवास स्थान सरिस्का में भांति-भांति के पक्षी दिखाई देते हैं। उनमें से बहुत सी प्रजातियाँ लुप्तप्राय हैं।

'माउंट आबू' ऐसा ही एक अनुपम दर्शनीय स्थल है जो कि न केवल 'डेजर्ट-स्टेट' कहे जाने राजस्थान का इकलौता 'हिल स्टेशन' है बल्कि गुजरात के लिए भी 'हिल स्टेशन' की कमी को पूरा करने वाला 'सांझा पर्वतीय स्थल' है। गुजरात की सीमा से सटा यह 'हिल स्टेशन' चार हजार फीट की ऊंचाई पर बसा हुआ है। माउंट आबू कभी राजस्थान की जबरदस्त गरमी से बदहाल पूर्व राजघरानों के सदस्यों का 'समर रिसोर्ट' हुआ करता था। कालांतर में इसे 'हिल आफ विजडम' भी कहा जाने लगा क्योंकि इससे जुड़ी कई धार्मिक और सामाजिक मान्यताओं ने इसे एक धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक केंद्र के रूप में भी विख्यात कर दिया है। इसके अतिरिक्त माउंट आबू में प्रतिवर्ष बुद्ध पूर्णिमा पर ग्रीष्मकालीन उत्सव और दिसम्बर माह में शरद उत्सव का आयोजन किया जाता है। राज्य सरकार के पर्यटक विभाग की ओर से आयोजित होने वाले इन उत्सवों में यहाँ की जन-जातीय लोक कलों और लोक नृत्यों आदि विविधताओं से भरपूर लोक लुभावन कार्यक्रमों का प्रदर्शन देखने लायक होता है।

राजस्थान की अरावली श्रृंखला के दक्षिणी छोर पर स्थित इस पर्वतीय स्थल के ठंडे सुहाने मौसम में पयर्टक यहाँ खिंचे चले आते हैं क्योंकि जैन मंदिर अपनी बारीक शिल्पकारी के लिए दुनियाभर में विख्यात है। माउंट आबू में दर्शनीय स्थलों की सूची में सबसे पहला नाम दिलवाड़ा जैन मंदिर का आता है। इन मंदिरों का निर्माण 11वीं शताब्दी में हुआ है। विमल वसाही सबसे पुराना मंदिर है। इसका निर्माण 1031 ई, में गुजरात के शासक भीमदेव के मंत्री विमल शाह ने दिलवाड़ा गांव में कराया था। यह मंदिर प्रथम जैन तीर्थकर आदिनाथ को समर्पित है। दूसरा मंदिर इसके 200 वर्ष बाद 1231ई. में बनवाया गया था। इसे गुजरात के शासक विरधवला के मंत्रियों भाइयों वास्तुपाल और तेजपाल ने बनवाया था। यह मंदिर जैनों के 22वें तीर्थकर नेमिनाथ को समर्पित है। इतिहास के ये मूक गवाह ये दिलवाड़ा के मंदिर शिल्प की दृष्टि से उत्कृष्ट कोटि का है। माउंट आबू ऋषियों और मुनियों की भी धरती रही है। इसके अतिरिक्त आज प्रजापति ब्रह्माकुमारी के मुख्यालय पांडव भवन के कारण से भी माउंट आबू की प्रसिद्धि सारी दुनिया में फैल गई है। देश-विदेश के हजारों ब्रह्मकुमार बंधु-भगिनियों की उपस्थिति हर समय रहती है। माउंट आबू में अछर देवी मंदिर भी दर्शनीय है।

सिरोही से 85 किलोमीटर और झीलों की नगरी उदयपुर से करीब 185 किमी दूर हरी-भरी पहाड़ियों के मध्य स्थित इस पर्वतीय स्थल के ठंडे और सुहाने मौसम से मोहित होकर पर्यटक दूर-दूर से खिंचे चले आते हैं। 1219 मीटर ऊंची पहाड़ी पर स्थित यहाँ की प्रसिद्ध नक्की झील 800 मीटर लंबी और चार सौ मीटर चौड़ी है। माउंट आबू का नाम यहां स्थित प्राचीन मंदिर अर्बुदा देवी के नाम पर ही पड़ा है। 450 सीढ़ियों वाले इस मंदिर में स्थापित अर्बुदा देवी को आबू की रक्षक देवी माना जाता है। आबू की उत्पत्ति के संदर्भ में अनेक दंत कथाएं प्रचलित है। एक के अनुसार 'आबू' हिमालय पुत्रा के प्रतीक रूप में जाना जाता है जिसकी उत्पत्ति अर्बद से हुई थी जिसने भगवान शिव के पवित्रा बैल नंदी को बलिष्ठ सांप के चंगुल से बचाया था। माउंट आबू अनेक साधु संतों की स्थली भी रही है। वशिष्ठ ऋषि भी उन प्रमुख संतों में से एक थे जिन्होंने पृथ्वी को दैत्यों से बचाने के लिए पवित्रा मंत्रों से यज्ञ करते हुए अग्नि से चार अग्निकुल राजपूत वंशों परमार, परिहार, सोलंकी और चौहान का सृजन किया था। यह यज्ञ उन्होंने आबू की पहाड़ी के नीचे स्थित प्राकृतिक झरने के पास किया गया था। झरना गाय के सिर की आकृति वाली पहाड़ी से निकलता है अतः इसे गौमुख भी कहते हैं। इसी तरह यहां ऋषि बाल्मीकि से जुड़े कथा प्रसंग भी है। अरावली पर्वत श्रृंखलाओं की सबसे ऊंची चोटी कहे जाने वाला गुरू शिखर नामक पर्वत भी माउंट आबू में ही है जिसकी ऊंचाई 1722 मीटर है। यहाँ के अन्य प्रमुख दर्शनीय स्थल हैं-

**नक्की झील-** रघुनाथ मंदिर के पास ही माउंट आबू का दूसरा बड़ा आकर्षण है नक्की झील। समुद्र तल से 1200 फीट की ऊंचाई पर बनी इस झील के बीच में छोटे-छोटे टापू बने हुए हैं। रोड टापू की आकृति ऐसी है मानो वह अभी पानी में छलांग लगाने वाला है। किंवदंती के अनुसार इस झील को देवताओं ने अपने नखों (नाखूनों) से खोदा था, इसलिए इसे नखी या नक्की झील कहा गया। माउंट आबू में 3937 फुट की ऊचाई पर स्थित नक्की झील लगभग ढाई किलोमीटर के दायरे में पसरी है जहां बोटिंग करने का लुत्फ अलग ही है। हरीभरी वादियां, खजूर के वृक्षों की कतारें, पहाड़ियों से घिरी झील और झील के बीच टापू, कुल मिलाकर देखें तो सारा दृश्य बहुत ही मनमोहक है। इस झील में 'नौका विहार' की व्यवस्था है।

**सनसेट प्वाइंट-** यहाँ से देखने पर सूर्यास्त का दृश्य बहुत आकर्षक दिखाई देता है। ढलते सूर्य की सुनहरी रंगत कुछ पलों के लिए पर्वत श्रृंखलाओं को कैसे स्वर्ण मुकुट पहना देती है। यहाँ डूबता सूरज गेंद की तरह लटकते हुए दिखता है। यहाँ आने वाला हर इस मनोहारी दृश्य का आनंद लेना नहीं भूलता। ऐसा लगता है कि मानों सूर्य आसमान से नीचे गिर रहा है और पाताल में चल गया हो।

**हनीमून प्वाइंट-** सनसेट प्वाइंट से दो किलोमीटर दूर नवविवाहित जोड़ों के लिए यहाँ हनीमून प्वाइट बना हुअ है। शाम के वक्त यहाँ लोगों का हुजूम उमड़ पड़ता है, यह आंद्रा प्वाइंट के नाम से भी जाना जाता हैं हनीमून प्वाइंट से हरे भरे मैदान और घाटियों का विहंगम दृश्य मंत्रामुग्ध कर देता हैं।

**गोमुख-** आबू के बाजार से करीब ढाई किलोमीटर दक्षिण में जाने पर हनुमान जी का मंदिर है। इस मंदिर से करीब 700 सीढ़ियां नीचे उतरने पर वशिष्ठ जी का आश्रम है। यहाँ पत्थर के बने गोमुख से सदा जल बहता रहता है, इसीलिए इस स्थान को गोमुख कहते हैं।

माउंट आबू, राजस्थान के राज्यपाल का ग्रीष्मकालीन मुख्यालय भी है। प्रति वर्ष गर्मियां शुरू होने के बाद कुछ समय के लिए राज्यपाल का ग्रीष्मकालीन कैंप बन जाता है। राजभवन में स्थित कला दीर्घा दर्शनीय है। माउंट आबू में राजस्थान के साथ ही गुजरात सरकार का गेस्ट हाउस भी है। इसके अलावा यहां विभिन्न पूर्व रियासतों के नाम से बने हुए 'गेस्ट हाउस' सुन्दर वादियों के मध्य स्वर्ग के समान अनुभूति करवाने वाले हैं। माउंट आबू पर भारतीय सेना का बेस कैंप भी है। यहाँ हर समय होने वाले सैनिक अभ्यास और घुड़सवारी के अनूठे करतब सैलानियों के लिए अतिरिक्त आकर्षण का केंद्र बनते हैं।

कुल मिलाकर राजस्थान के इस स्वर्ग का नजारा वह भी भीषण गर्मियों में लेना हो तो माउंट आबू से बेहतर जगह कोई और हो ही नहीं सकती। विशेष रूप से वे लोग जो बार-बार शिमला, मनाली, मसूरी, नैनीताल आदि जा चुके हैं, उनके लिए माउंट आबू जाना एक अलग अनुभव होगा। उत्तर भारत से रेल, सड़क मार्ग से आबू रोड़ पहुंचना आसान है। जो लोग एक ही बार में ठंड और गर्मी का स्वाद चखना चाहते हो उनके लिए उदयपुर, हल्दी घाटी, श्रीनाथद्वारा आदि स्थानों के बाद माऊंट आबू का रूख करना चाहिए। गुजरात की सीमा के पास है इसलिए सावड़ाजी के दर्शनों के अतिरिक्त, अम्बाजी जा सकते हैं तो हिम्मत नगर, अहमदाबाद, गांधी नगर भी बहुत दूर कहाँ शेष रहता है। (उर्वशी)

# यूं बचिए चेहरे के मुंहासों से



आनंद कु. अनंत

चेहरे पर मुंहासों का होना किशोरावस्था की एक आम समस्या है। अगर चेहरे की सही देखभाल न की जाए तो चेहरे पर स्थायी दाग बनने का खतरा बना रहता है। चेहरे पर मुंहासे होने पर जरा भी असावधानी नहीं बरतनी चाहिए।

आम लोगों की विचारधारा होती है कि यौवनकाल के दौरान चेहरे पर मुंहासे होना स्वाभाविक होता है जो कुछ दिनों में अपने आप ही ठीक हो जाते हैं। कुछ लोग तो यहां तक कहते हैं कि मुंहासे यौवन का दूसरा नाम होता है और कुछ ऐसा मानते हैं कि मुंहासे यौवन के उन्माद के प्रतीक होते हैं जो यौनेच्छा को चेहरे के माध्यम से व्यक्त करते हैं।

किशोरावस्था से यौवनावधि तक शारीरिक परिवर्तनों और ग्रंथियों के अधिक सक्रिय होने से शरीर की तैलीय ग्रंथियां अधिक चिकनाई छोड़ने लगती हैं जिससे त्वचा के रोमछिद्र बंद हो जाते हैं और इनमें मैल भर जाने से कील बन जाते हैं। यही मैल फूल कर मुंहासों में बदल जाती है।

मुंहासे निकलने के अन्य कारण भी होते हैं। बालों में रूसी होने से खुजलाते समय यह चेहरे पर झड़ती है जिससे चेहरे पर छोटे-छोटे दाने निकल आते हैं जो बाद में मुंहासों का रूप धारण कर लेते हैं। इसी कारण बालों में रूसी हो तो सिर धोते समय बालों से गिरने वाले पानी को चेहरे पर कतई न पड़ने दें।

चाय, काफी, अंडा, मिर्च-मसाले आदि के अत्यधिक सेवन से भी चेहरे पर मुंहासे निकल आते हैं। मनोचिकित्सकों का कहना है कि कभी-कभी अधिक चिंता के कारण भी अक्सर चेहरे पर मुंहासे हो जाते हैं। कब्ज रहने तथा युवतियों को मासिक धर्म की अनियमितता के कारण भी मुंहासे निकल आते हैं।

अत्यधिक काम (सेक्स) भाव के प्रवाह के कारण भी मुंहासों का प्रकोप होता है। सेक्सगत भावों के उदय होते ही हारमोनों का रिसाव होना शुरू हो जाता है। जब यह रिसाव वीर्य-रज के माध्यम से शरीर से निष्कासित नहीं हो पाता है तो मुंहासों के रूप में चेहरे पर उदित हो जाता है।

मुंहासे होने पर अक्सर खुजली होने लगती है जिस कारण युवतियां मुंहासों को खुजला कर नोंच देती हैं और नाखून लगने से कई बार इनमें मवाद भर जाता है। इस तरह मुंहासे सूख तो जाते हैं लेकिन अपने दागों से चेहरे की त्वचा को हमेशा के लिए दूषित कर देते हैं। यूं तो एक्ने भी मुंहासों से मिलते-जुलते होते हैं लेकिन मुंहासों को दबाने से कील निकलती है जबकि एक्ने को दबाने से मवाद निकलता है। एक्ने होने पर तुरंत किसी चर्म रोग विशेषज्ञ को दिखाना चाहिए।

अगर मुहांसों के उपचार के लिए किसी सौंदर्य विशेषज्ञा की सहायता ले रही हों तो इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि ब्लैकहेड्स निकालने से पहले कीटाणु रहित उपकरण का ही प्रयोग हो। ऐसा नहीं होने से इन्फेक्शन हो जाता
है।

मुंहासे अधिकतर तैलीय त्वचा पर ही होते हैं। ऐसी त्वचा को नीम या सल्फर के साबुन से धोते रहना चाहिए। चेहरे पर भाप लगने से त्वचा के रोमकूप खुल जाते हैं और त्वचा के अंदर का मैल, ब्लैक हेड्स के रूप में बाहर आ जाता है। रात को सोने से पहले चेहरे पर भाप लेनी चाहिए जिससे त्वचा के खुले रोम छिद्र नींद में सोते समय पुनः बंद न हो जाएं। चेहरे पर भाप लेने के लिए विशेष प्रकार का भाप तैयार करने वाला विद्युत चालित यंत्रा मिलता है, अथवा घर में स्वयं पतीले में पानी उबालकर चेहरे पर भाप ली जा सकती है।

चेहरे पर मुंहासे होने पर फाउंडेशन क्रीम या काम्पैक्ट पाउडर न लगाएं, क्योंकि इनके कण प्रायः त्वचा के रोमकूपों में भर जाते हैं और इससे और अधिक मुंहासे होने लगते हैं। अगर चेहरे की चमक-दमक बनाए रखने के लिए श्रृंगार करना आवश्यक ही हो तो केवल कैलामाइन लोशन ही लगाया जाना चाहिए। मुंहासों के उपचार के लिए इन उपायों को अपनाना चाहिए।

आधे गिलास पानी में थोड़ा-सा गाजर का रस, आधे नींबू का रस और एक चम्मच चीनी घोलकर नित्य पीने से मुंहासे नहीं होते।

प्रातः एक गिलास पानी में एक छोटा चम्मच शहद और एक नींबू का रस निचोड़ कर खाली पेट पिएं।

सप्ताह में दो बार बेसन में नारियल तेल मिलाकर चेहरे पर मलकर सूख जाने के बाद गुनगुने पानी से धो लेने पर मुंहासे नहीं होते।

त सप्ताह में तीन बार पुदीने के रस को चेहरे पर लगाकर दस मिनट के बाद पानी से धो डालें। मुंहासे नहीं होंगे। (उर्वशी)

# चेहरे की रौनक है लिपस्टिक



/ परवेश हांडा

हर सौंदर्यप्रिय महिला को यह जानना जरूरी है कि उसके चेहरे और होंठों की बनावट के अनुसार या उसके शरीर के रंग और कपड़ों के अनुसार उसे किस रंग की लिपस्टिक लगानी चाहिए। चेहरे की शोभा बढ़ाने में अच्छी तरह लगाई गई लिपस्टिक की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। लिपस्टिक होंठों को सुंदर बनाने के लिए लगाई जाती है लेकिन यदि उसे सुघड़ता से न लगाया जाए तो चेहरा भद्दा लगने लगता है, इसलिए हर महिला को लिपस्टिक लगाने का सही ढंग आना चाहिए।

लिपस्टिक लगाने से पहले रूई पर थोड़ा सा क्लींजिंग मिल्क लगा कर होंठों को अच्छी तरह साफ कर लें। होंठ साफ न होने पर होंठों पर लिपस्टिक लगाने से विशेष चमक नहीं आती। होंठों पर साबुन नहीं लगाना चाहिए। इससे होंठों की कोमल त्वचा खराब हो जाती है। होंठों को साफ करने के बाद थोड़ी सी फाउंडेशन-क्रीम लगाएं और सूखने दें। उसके बाद लिपस्टिक लगाएं। पहले होंठों पर 'आउट-लाइन' बनायें और फिर बीच में लिपस्टिक भरें। ब्रुश द्वारा लगाने से लिपस्टिक फैलती नहीं लेकिन इसके लिए अभ्यास की आवश्यकता होती है। यदि होंठों पर लिपस्टिक फैलने लगे तो होंठों पर पहले पाउडर लगा कर सुखा लें, फिर लिपस्टिक लगाएं।

खड़े होकर लिपस्टिक लगाने से सफाई नहीं आती, चूंकि लिपस्टिक लगाते समय अक्सर हाथ हिल जाते हैं। आइने के सामने, श्रृंगार-मेज पर कुहनी टिका कर लिपस्टिक अच्छी तरह लगती है। पहले ऊपर के होंठ पर और बाद में निचले होंठ पर लिपस्टिक लगानी चाहिए। यदि सही ढंग से क्रमश हल्की और गहरे रंग की लिपस्टिक एक साथ लगाई जाए तो होंठों पर और भी निखार आ जाता है। पहले हल्के रंग की लिपस्टिक लगाएं और दोनों होंठों के बीच में टिशु-पेपर लगाकर अनावश्यक लिपस्टिक छुड़ा दें। अब गहरे रंग की लिपस्टिक लगाएं। लिपस्टिक लगाने के बाद होंठों पर जरा-सी वैसलीन क्रीम चुपड़ देने से होठों पर चमक आ जाती है।

लिपस्टिक के उपयुक्त प्रयोग से होंठों का आकार बदला जा सकता है-पतले होंठ मोटे और मोटे होंठ पतले बनाए जा सकते हैं। यदि आपका चेहरा छोटा है तो ऊपर के होंठ पर गहरे रंग की और निचले होंठ पर हल्के रंग की लिपस्टिक लगानी चाहिए। पतले होंठ हों तो ऊपर के होंठ पर हल्के और निचले होंठ पर गहरे रंग की लिपस्टिक लगाइये। मोटे होंठों को पतला दिखाने के लिए होंठों की प्राकृतिक बनावट रेखा के भीतर ही 'आउटलाइन' बनाकर लिपस्टिक भरिये। इसके विपरीत पतले होंठों को मोटा दिखाने के लिए होंठों की प्राकृतिक रेखा के कुछ बाहर 'आउट-लाइन' बना कर लिपस्टिक भरनी चाहिए। आप चेहरे के अनुकूल होंठों को इच्छानुसार आकार दे सकती हैं। रात को सोने से पहले लिपस्टिक उतार देनी चाहिए नहीं तो होंठ अपना आकर्षण खो बैठते हैं। सस्ती और घटिया किस्म की लिपस्टिक होंठों की कोमल त्वचा को हानि पहुंचाती है।

लिपस्टिक के रंग का चुनाव आयु, अवसर और वस्त्रों के रंग के अनुसार करना चाहिए। किशोरियों को केवल 'नेचुरल शेड' अच्छा लगता है। वैसे भी उन्हें लिपस्टिक कम इस्तेमाल करनी चाहिए। इसी प्रकार नौकरीपेशा महिलाओं को कार्यालयों या विद्यालयों में बहुत गाढ़े रंग की लिपस्टिक इस्तेमाल नहीं करनी चाहिए।

गोरे रंग की महिलाओं को गुलाबी रंग की लिपस्टिक अच्छी लगती। चेहरे की त्वचा रंग पीला होने पर लाख के रंग की लिपस्टिक फबती है। सांवले रंग पर नारंगी रंग की लिपस्टिक सुंदर लगती हैं। तीस से चालीस वर्ष की आयु की महिलाओं को भी हल्के रंगों का चुनाव करना चाहिए।

आंखों व बालों के रंग पर भी लिपस्टिक का चुनाव निर्भर करता है। भूरी आंखें हों तो गुलाबी रंग, काली आंखों पर हल्का सुर्ख, नीली आंखों पर लाख का रंग और मटमैली आंखों पर नारंगी रंग की लिपस्टिक लगानी चाहिए। इसी प्रकार काले बाल हों तो नारंगी रंग, सफेद बालों पर गुलाबी और सुनहरे बालों पर लाख के रंग की लिपस्टिक अच्छी लगती है।

वस्त्रों के रंग के अनुसार भी लिपस्टिक का चुनाव किया जाना चाहिए। हर रंग के कपड़ों के साथ मैच करती लिपस्टिक का चुनाव कठिन होता है। फिर भी जहां तक हो सके, रंगों का ताल-मेल बैठाना चाहिए। (उर्वशी)

# थोड़ी सी सतर्कता से संभव है बलात्कार की विभीषिका से बचना

सीता राम गुप्ता



आजकल बलात्कार के मामलों में बेतहाशा बढ़ोत्तरी देखने-सुनने को मिल रही है। आंकड़े जो बतलाते हैं, स्थिति उससे भी ख़राब हो सकती है क्योंकि बलात्कार के सभी मामले सामने आ पाना संभव ही नहीं, कुछ लोकलाज के कारण तो कुछ भय के कारण।

गरीबी, अशिक्षा, संरक्षण का अभाव, रक्षक द्वारा भक्षण, दबंगई, संबंधों में विश्वासघात, समाज तथा सक्षम वर्ग की कमज़ोर के प्रति उपेक्षा, ख़ुशहाल ज़िंदगी और शादी का सब्ज़बाग़ आदि न जाने कितने कारण हैं जो भोली-भाली लड़कियों और महिलाओं की अस्मतदरी अथवा बलात्कार के मूल में उपस्थित हैं।

कई स्थानों पर हालात इतने बदतर हैं कि महिलाएँ इस घिनौने कुकृत्य की शिकार होने के लिए अभिशप्त हैं, विवश हैं।

इस कलंक को दूर करने के लिए पुरुष की बलात्कारी मानसिकता को जानना भी बेहद ज़रूरी है। पुरुष आख़िर बलात्कार जैसा घिनौना कुकृत्य क्यों करता है? इसके अनेक कारण हो सकते हैं जैसे तीव्र यौनेच्छा, विकृत काम प्रवृत्ति, परपीड़न, पुरुषत्व के दंभ का प्रदर्शन अथवा किसी अन्य प्रकार की मानसिक विकृति।

कई बार बदले की भावना से भी बलात्कार जैसे कृत्य को अंजाम दे दिया जाता है और इसमें किसी व्यक्ति, परिवार अथवा समाज विशेष की सहमति ही नहीं, दबाव तक पाया जाता है। कई बार किसी प्रकार की ज़ोर-जबरदस्ती अथवा आक्रमण नहीं होता लेकिन फिर भी कई बार अनेक महिलाएँ इस दुष्चक्र में फंस जाती हैं जिसे बलात्कार कहते हैं।

जो पुरुष अपना सामान्य वैवाहिक जीवन व्यतीत कर रहे होते हैं, वे प्रायः इस प्रकार के अपराधों में लिप्त नहीं होते। कई पुरुष विवाहित होते हैं लेकिन काम-धंधे के कारण लगातार लंबे समय तक घर-परिवार से दूर रहने को विवश होते हैं। ऐसे में कई बार काम के स्थान पर किसी से विवाहेत्तर संबंध बना बैठते हैं।

इसमें सबसे बड़ी बात यह होती है कि वे स्वयं को अविवाहित प्रदर्शित करते हैं और शादी का वादा भी कर लेते हैं। बाद में उन्हें अपनी ग़लती का अहसास होता है लेकिन तब तक देर हो चुकी होती है और उनकी यह ग़लती क़ानूनन अपराध की शक्ल अख़्तियार कर चुकी होती है। पुरुष चाहे विवाहित हो या अविवाहित, शादी का झांसा देकर किसी महिला से संबंध बनाना बलात्कार की श्रेणी में ही आता है क्योंकि यह सीधे तौर पर महिला का दैहिक ही नहीं भावनात्मक अथवा मानसिक शोषण भी है।

आज महानगरों में इस प्रकार के अपराधों की संख्या बहुत बढ़ गई है जहाँ ख़ुशहाल ज़िंदगी और शादी का सब्ज़बाग दिखाकर महिलाओं से संबंध बना लिए जाते हैं लेकिन बाद में जल्दी ही इस प्रकार के संबंधों की वास्तविकता सामने आ जाती है। ऐसे मामलों में बेशक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया जाता है और उसे सजा भी मिल जाती है लेकिन पीड़ित महिला तो कहीं की नहीं रहती।

हमारे समाज की मानसिकता ऐसी है कि वो भी महिला की मदद करने की बजाय उसे ही दोषी ठहराने का प्रयास करता है। परिवार के सदस्य भी कई बार उसके दुश्मन साबित होते हैं। ऐसे में न केवल समाज और परिवार को अपनी मानसिकता बदलने की ज़रूरत है अपितु महिलाओं को भी सतर्क व सावधान रहने की ज़रूरत है। महिलाएँ इस प्रकार के शोषण से आसानी से बच सकती हैं यदि वे कुछ बातों का ध्यान रखें:

महिलाओं को चाहिये कि वे किसी अजनबी की चिकनी-चुपड़ी बातों पर आँख मूंद कर विश्वास न करें।

महिलाओं को बोल्ड होना चाहिये लेकिन बोल्ड होने का दिखावा नहीं करना चाहिये। बोल्डनेस की सीमा निर्धारित करना अनिवार्य है।

किसी पर विश्वास करना अच्छी बात है पर अंधविश्वास नहीं। आम तौर पर अंधविश्वास में ही धोखा मिलता है।

बिना पर्याप्त छानबीन के किसी अकेले अजनबी से परिचय न बढ़ाएँ।

यदि कोई व्यक्ति, सहकर्मी अथवा अन्य परिचित या दोस्त शादी का वादा करता है तो भी उससे एकदम अति घनिष्ठता न बनाएँ।

प्यार करना अच्छी बात है पर सावधान रहें कि कहीं प्यार के नाम पर कोई धोखा तो नहीं दे रहा है।

शादी से पहले किसी भी प्रकार के अंतरंग संबंधों से बचना ही श्रेयस्कर है। इसके लिए जब भी मिलना हो, अपने किसी अन्य मित्रा, रिश्तेदार अथवा विश्वासपात्रा को साथ रखें।

यदि परिचय बढ़ता है और बात वैवाहिक संबंधों तक पहुँचती है तो सबसे पहले उसकी वैवाहिक स्थिति के बारे में बिना किसी लाग लपेट के साफ-साफ पूछें।

कहीं ऐसा तो नहीं कि पत्नी और बच्चे दूसरी जगह रहते हों या उनसे अच्छे संबंध न हों।

साथ ही उसके माता-पिता तथा परिवार के अन्य सदस्यों और रिश्तेदारों के बारे में जानने का प्रयास करें। साथ ही उनसे मिलवाने का आग्रह भी करें।

उसके वर्तमान घर को देखें तथा उसके पड़ोसियों से अवश्य मिलें।

यदि उसका परिवार किसी दूसरे शहर अथवा कहीं दूर-दराज़ के गाँव में रहता है तो अपने किसी रिश्तेदार अथवा परिचित को वहाँ भेज कर पूरी खोजबीन करवाएँ।

तुरत-फुरत हड़बड़ी में अथवा चुपचाप अकेले में शादी न करें। हड़बड़ी का काम शैतान का होता है। पर्याप्त खोजबीन के उपरांत ही शादी करें और वो भी दोनों पक्षों के मित्रों और रिश्तेदारों की उपस्थिति में।

आजकल ऐसी प्राइवेट एजेंसियाँ भी हैं जो आपके भावी जीवन साथी की पूरी जानकारी उपलब्ध करवा देती हैं। घर-परिवार व चरित्रा संबंधी जानकारी व अन्य छानबीन के लिए उनकी मदद भी ली जा सकती है।

शादी का पंजीकरण भी अवश्य करवाएँ।

इन छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखने से महिलाएँ एक ऐसे अभिशाप से बच सकती हैं जो उनकी ज़िंदगी में ज़हर घोल सकता है। ध्यान रहे किसी भी प्रकार की सतर्कता आपके व्यक्तित्व अथवा चरित्रा को कमज़ोर नहीं बनाती अपितु उसमें दृढ़ता ही उत्पन्न करती है। (उर्वशी)

## रेसिपी कार्नर: ढोकला




हर रोज शाम के समय बच्चों से लेकर बड़ों तक को भूख लग जाती है। ऐसे में आप रोज-रोज बाहर का खाना नहीं खा सकते। ज्यादा बाहर का खाना खाने से सेहत पर काफी गलत प्रभाव पड़ता है। इसी के चलते हम आपको एक ऐसी डिश के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसको बनाना भी काफी आसान है, और इसके सेवन से आपका मन भी खुश हो जाएगा।

यहां हम बात कर रहे ढोकला की, इसे बनाने के लिए बैटर में खमीर उठाना पड़ता है, जिसमें कम से कम 7-8 घंटे का समय लगता है। इसी के चलते हम आपको यहां बिना खमीर के ही ढोकला बनाने की रेसिपी बताने जा रहे हैं। ताकि यदि आप झटपट ढोकला बनाना चाहें तो आपको अपना मन न मारना पड़े।

ढोकला बनाने का सामान

बेसन- 1 कप
दही- 1/2 कप
नमक - स्वाद अनुसार
चीनी -1 चम्मच
नींबू का रस- 1 चम्मच
इनो - खमीर उठाने के लिए

ढोकला बनाने की विधि

बिना खमीर के ढोकला बनाने के लिए बनाने के लिए सबसे पहले बेसन को छान लें। इसके बाद एक कटोरे में बेसन, दही, नमक और थोड़ा पानी डालकर स्मूद बैटर बनाएं।



ध्यान रखें कि ढोकले का ये बैटर ज्यादा गाढ़ा नहीं होना चाहिए। इसे ढककर 2 घंटे के लिए ऐसे ही रख दें। जब ढोकला तैयार करना हो तो अब बैटर में नींबू का रस और इनो डालें। जैसे ही झाग उठे, तुरंत अच्छे से मिक्स करें। अच्छी तरह से इसे मिक्स करें और स्टीमर में डालने की तैयारी करें।

इसके लिए स्टीमर के मोल्ड में थोड़ा सा तेल लगाएं और फिर उसमें बैटर डाल दें। अब इसे पकने दें। आधे घंटे के बाद इसमें चाकू लगाकर देखें, यदि चाकू बैटर में से साफ तरीके से बाहर निकल आया है तो मतलब कि ढोकला पक गया है। ढोकले को निकालकर बराबर पीस में काटकर एक प्लेट में रख लें।

तड़का लगाएं

अब बारी आती है इसका तड़का तैयार करने की। इसके लिए सबसे पहले तो एक पैन में थोड़ा तेल गर्म करें। अब इसमें राई, करी पत्ते और हरी मिर्च डालें।

इसके बाद इस पैन में पानी, नींबू और चीनी मिलाएं और 1 मिनट तक उबालें। अब तड़का तैयार है इसलिए इस तड़के को कटे हुए ढोकलों के ऊपर डालें। 10 मिनट इसे ऐसे ही रहने दें और फिर परोसें।

# खुद को 'आलमगीर' कहने वाला औरंगजेब महाराष्ट्र में हारा, दफनाया गया : शाह

**रायगढ़(महाराष्ट्र) :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को छत्रपति शिवाजी महाराज की वीरता की प्रशंसा करते हुए कहा कि खुद को 'आलमगीर' कहने वाला मुगल बादशाह औरंगजेब जीवन भर मराठों के खिलाफ लड़ाई लड़ता रहा, लेकिन पराजित हुआ और यहीं दफनाया गया। शाह ने मराठा शासक शिवाजी महाराज की 345वीं पुण्यतिथि पर रायगढ़ किले में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज के स्वधर्म और स्वराज्य के आदर्श देश की आजादी के शताब्दी वर्ष तक महाशक्ति बनने की भारत की महत्वाकांक्षा को प्रेरित करते रहेंगे। शाह ने एक सभा को



संबोधित करते हुए कहा, मैं महाराष्ट्र के लोगों से अपील करता हूं कि वे छत्रपति शिवाजी महाराज को राज्य तक सीमित न रखें। उनकी जबरदस्त इच्छाशक्ति, दृढ़ संकल्प और साहस देश को प्रेरित करते हैं क्योंकि उन्होंने रणनीतिक रूप से समाज के सभी वर्गों को एकजुट किया। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज ने मुगलशाही (मुगल शासन) को हराया था। शाह ने कहा, यहां तक कि अपने आप को आलमगीर (दुनिया को जीतने वाला) कहने वाला व्यक्ति (औरंगजेब) महाराष्ट्र में पराजित हुआ और यहीं उसकी समाधि बनी।'' महाराष्ट्र में छत्रपति संभाजीनगर जिले के खुल्ताबाद में, 17वीं सदी के मुगल बादशाह की कब्र को हटाने की दक्षिणपंथी संगठनों की मांग को लेकर हाल में एक बड़ा राजनीतिक विवाद शुरू हुआ था। शाह ने कहा, महान मराठा योद्धा (शिवाजी) के आदर्श भारत को अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी मनाने और महाशक्ति बनने की यात्रा के दौरान प्रेरित करते हैं। (केंद्र की) नरेन्द्र मोदी सरकार शिवाजी महाराज के आदर्शों पर काम करती है। गृह मंत्री ने रायगढ़ किले को एक पर्यटन स्थल के बजाय भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बताया। इसी किले में शिवाजी महाराज की समाधि है। उन्होंने स्वधर्म की रक्षा और स्वराज्य की स्थापना के बीज बोने का श्रेय शिवाजी महाराज की मां जीजाबाई को दिया। शाह ने कहा कि भारत 2047 में अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी मनाएगा और एक महाशक्ति बनने की आकांक्षा रखता है, ऐसे में शिवाजी महाराज एक प्रेरणा स्रोत हैं। उनकी राजमुद्रा (शाही चिह्न) का उपयोग भारतीय नौसेना के ध्वज में किया जाता है, जो राष्ट्र पर उनके स्थायी प्रभाव का प्रतीक है।

# प्रख्यात कथक नृत्यांगना कुमुदिनी लाखिया का हुआ निधन



**अहमदाबाद :** प्रख्यात कथक नृत्यांगना और कोरियोग्राफर कुमुदिनी लाखिया का शनिवार को यहां उनके आवास पर उम्र संबंधी बीमारी के कारण निधन हो गया। वह 95 वर्ष की थीं। कथक के प्रति लाखिया के आजीवन समर्पण को देखते हुए उन्हें इस वर्ष गणतंत्र दिवस पर भारत के दूसरे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। कदम्ब नृत्य एवं संगीत केंद्र की प्रशासक पारुल ठाकोर ने बताया, ''कुमुदिनीबेन का अहमदाबाद में अपने घर में पूर्वाह्न करीब 11 बजे निधन हो गया। वह 95 वर्ष की थीं और पिछले तीन महीने से उम्र से संबंधित कुछ बीमारियों से ग्रस्त थीं।'' लाखिया ने 1964 में इस केंद्र की स्थापना की थी। यहां 17 मई, 1930 को जन्मीं लाखिया आगे चलकर प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना और कोरियोग्राफर (नृत्य निर्देशक) बनीं। उन्होंने 'उमराव जान (1981)' समेत कई फिल्मों में कोरियोग्राफर के रूप में भी काम किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें श्रद्धांजलि दी और कहा कि कथक और भारतीय शास्त्रीय नृत्यों के प्रति उनका जुनून वर्षों से उनके उल्लेखनीय कार्यों में परिलक्षित हुआ। मोदी ने 'एक्स' पर कहा, ''कुमुदिनी लाखिया जी के निधन से गहरा दुख हुआ, जिन्होंने एक उत्कृष्ट सांस्कृतिक प्रतीक के रूप में पहचान बनाई। कथक और भारतीय शास्त्रीय नृत्यों के प्रति उनका जुनून वर्षों से उनके उल्लेखनीय कार्यों में परिलक्षित हुआ।'' उन्होंने कहा, एक सच्ची अग्रणी के तौर पर उन्होंने नृत्यांगनाओं की कई पीढ़ियों को निखारा एवं संवारा भी। उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उनके परिवार, विद्यार्थियों और प्रशंसकों के प्रति संवेदनाएं।'' गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने भी उनके निधन पर दुख व्यक्त किया और उन्हें ''शास्त्रीय कला के क्षेत्र में गुजरात और भारत का गौरव' बताया। उन्होंने लिखा, ''उन्होंने कई शिष्यों को शास्त्रीय नृत्य में प्रशिक्षित किया तथा देश और दुनिया में कथक नृत्य की महिमा का प्रदर्शन किया। भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके रिश्तेदारों और अनगिनत शिष्यों और प्रशंसकों को यह दुख सहन करने की शक्ति दें।

### प्रख्यात कथक नृत्यांगना कुमुदिनी लाखिया के निधन के बारे में जानकर दुख हुआ: राष्ट्रपति मुर्मू

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रख्यात कथक नृत्यांगना कुमुदिनी लाखिया के निधन पर शनिवार को दुख व्यक्त किया और कहा कि नृत्य कला के क्षेत्र में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। राष्ट्रपति ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''उनके परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है।''

## न्यूज इन ब्रीफ

### नागपुर कारखाने में विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हुई

**नागपुर :** नागपुर जिले में एक एल्युमीनियम संयंत्र में विस्फोट के कारण गंभीर रूप से घायल दो श्रमिकों की शनिवार को मौत हो जाने से मृतकों की संख्या बढ़कर पांच हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक मंत्री ने बताया कि महाराष्ट्र सरकार ने मृतकों के परिजनों के लिए पांच लाख रुपये मुआवजे की घोषणा की है, जबकि कंपनी ने प्रत्येक को 55 लाख रुपये देने पर सहमति जताई है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि अन्य पांच श्रमिकों का अस्पताल में इलाज जारी है। विस्फोट शुक्रवार शाम सात बजे नागपुर जिले के उमरेड एमआईडीसी में एमएमपी एल्युमीनियम इंडस्ट्रीज में हुआ था। उमरेड पुलिस थाने के निरीक्षक धनजी झलक ने बताया, नागपुर के सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती दो श्रमिकों की शनिवार तड़के मौत हो गई, जबकि आग बुझने के बाद कंपनी में तीन श्रमिक मृत पाए गए थे।

### छत्तीसगढ़: आठ नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया, दो नक्सली गिरफ्तार

**दंतेवाड़ा/सुकमा :** छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के दंतेवाड़ा और सुकमा जिलों में शनिवार को आठ नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया जबकि दो नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दंतेवाड़ा जिले के पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने बताया कि जिले में आठ नक्सलियों ने पुलिस और अर्धसैनिक बलों के वरिष्ठ अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण किया, जिनमें से दो नक्सलियों पर इनाम है। अधिकारी ने बताया कि नक्सलियों ने जिले में जारी विकास कार्य से प्रभावित होकर और संगठन के भीतर बढ़ते आंतरिक मतभेद से परेशान होकर आत्मसमर्पण करने का फैसला किया। उन्होंने बताया कि नक्सली राज्य सरकार की 'नियद नेल्लानार' (आपका अच्छा गांव) योजना से भी प्रभावित हैं, जिसका उद्देश्य सुरक्षा शिविरों के आसपास के गांवों में विकास कार्यों को सुगम बनाना है।

### जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में बस पलटने से दो विद्यार्थियों की मौत, 21 घायल

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में शनिवार को कॉलेज की एक बस के पलट जाने से दो विद्यार्थियों की मौत हो गई और 21 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जम्मू-कश्मीर सरकार ने इस दुर्घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं और प्रत्येक मृतक के लिए एक लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा भी की है। अधकारियों ने बताया कि पिकनिक मनाने के लिए 27 विद्यार्थियों को ले जा रही सरकारी डिग्री कॉलेज सोगाम की बस हंदवाड़ा के वोदपोरा इलाके के निकट पलट गई। अधिकारियों ने बताया कि घायलों को हंदवाड़ा के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां एक छात्रा को मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि घायलों में से दो को गंभीर हालत में यहां एक अस्पताल लाया गया, जिनमें से एक की मौत हो गई।

## सेना प्रमुख ने वज्र कोर का दौरा किया, पश्चिमी सीमाओं पर परिचालन तैयारियों का जायजा लिया



**नयी दिल्ली :** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को वज्र कोर का दौरा कर पश्चिमी सीमाओं पर इसकी परिचालन तैयारियों का जायजा लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सैनिकों के उच्च मनोबल और अटूट समर्पण की सराहना करते हुए जनरल द्विवेदी ने उनसे सेना के ''संचालन उत्कृष्टता के सख्त मानकों'' को बनाए रखने का आग्रह किया। जनरल द्विवेदी ने सभी जवानों को 2047 तक 'विकसित भारत' के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के तहत एक आधुनिक बल के तौर पर बढ़ने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। सेना प्रमुख के साथ पश्चिमी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ भी थे। पंजाब में स्थित यह कोर पश्चिमी कमान के अंतर्गत आता है। अधिकारियों ने बताया कि वज्र कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग ने सेना प्रमुख को मौजूदा सुरक्षा माहौल और कोर की ''तत्परता की स्थिति'' के बारे में जानकारी दी। बाद में जनरल द्विवेदी ने अग्रिम मोर्चे पर तैनात सैन्य टुकड़ियों की जमीनी स्तर की तैयारियों की प्रत्यक्ष जानकारी हासिल करने के लिए ''चुनिंदा अग्रिम स्थानों'' का दौरा किया।

### उत्तराखंड में एसयूवी के नदी में गिरने से दंपति और दो बच्चों समेत परिवार के पांच लोगों की मौत

**नयी टिहरी :** उत्तराखंड के टिहरी जिले में शनिवार तड़के एक स्पोर्ट यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) के नदी में गिरने से उसमें सवार छह लोगों में से पांच की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। देवप्रयाग थाने के प्रभारी महिपाल सिंह रावत ने बताया कि सुबह करीब छह बजे बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बगवान गांव के पास महिंद्रा थार दुर्घटनाग्रस्त होकर अलकनंदा नदी में गिर गई। इस एसयूवी में छह लोग सवार थे। राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) ने एक महिला को बचा लिया है।

## धर्म सभी को सुख की ओर ले जा सकता है, हमें लालच या भय के कारण धर्म परिवर्तन नहीं करना चाहिए: भागवत

**वलसाड (गुजरात) :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि रोजमर्रा की जिंदगी में लालच और प्रलोभन का सामना करना पड़ सकता है और ये चीजें लोगों को उनके धर्म से दूर कर सकती हैं, लेकिन धर्म ही सभी को खुशी की ओर ले जा सकता है। भागवत ने वलसाड जिले के बारुमल स्थित सद्गुरुधाम में श्री भाव भावेश्वर महादेव मंदिर के रजत जयंती समारोह में भाग लेते हुए कहा कि लोगों को लालच या भय के प्रभाव में आकर अपना धर्म नहीं बदलना चाहिए। संघ प्रमुख ने कहा, ''हम एकजुट होना जानते हैं और एकजुट होना चाहते हैं। हम लड़ना नहीं चाहते। लेकिन हमें खुद को बचाना होगा क्योंकि आज भी ऐसी ताकतें हैं जो चाहती हैं कि हम बदल जाएं (धर्म परिवर्तन कर लें)।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन जब हमारे दैनिक जीवन में ऐसी कोई ताकत नहीं होती, तब भी लालच और प्रलोभन की घटनाएं सामने आती हैं।'' भागवत ने कहा कि महाभारत के समय धर्म परिवर्तन करने वाला कोई नहीं था, लेकिन पांडवों का राज्य हड़पने के लालच में दुर्योधन ने जो किया वह 'अधर्म' था। उन्होंने कहा, ''धार्मिक आचरण नियमित रूप से किया जाना चाहिए। हमें आसक्ति और मोह के प्रभाव में आकर काम नहीं करना चाहिए, न ही स्वार्थ में फंसना चाहिए। ऐसा नहीं होना चाहिए कि लालच या भय हमें अपनी आस्था से विमुख करे। इसीलिए यहां ऐसे केंद्र स्थापित किए गए हैं।'' भागवत सद्गुरुधाम का जिक्र कर रहे थे, जो आदिवासियों के उत्थान के लिए दूरदराज के आदिवासी इलाकों में सामाजिक गतिविधियों का संचालन करता है।

## हनुमान जयंती समारोह के दौरान झड़प के बाद नेपाल के बीरगंज में कर्फ्यू लगाया गया



**काठमांडू :** नेपाल में परसा जिले की बीरगंज नगर पालिका में हनुमान जयंती के अवसर पर आयोजित शोभा यात्रा के दौरान हिंसक झड़पें होने के बाद शनिवार को कर्फ्यू लागू कर दिया गया। धार्मिक कार्यक्रम के लिए एकत्र भीड़ पर कथित तौर पर पथराव किया गया जिससे समूहों के बीच टकराव शुरू हो गया। इस घटना में कई पुलिसकर्मी और स्थानीय निवासी घायल हो गए। जिला प्रशासन कार्यालय ने भारत के सीमावर्ती शहर रक्सौल (बिहार) के पास स्थित बीरगंज के मध्य भाग में शनिवार शाम साढ़े छह बजे से रविवार दोपहर तक कर्फ्यू लगा दिया है। जिला प्रशासन कार्यालय ने एक नोटिस जारी कर कहा, ''हनुमान जयंती समारोह के दौरान तनाव बढ़ने के कारण 'बीरगंज मेट्रोपॉलिटन सिटी' के वार्ड संख्या 14, 15, 16 और 25 में शनिवार शाम साढ़े छह बजे से रविवार दोपहर 12 बजे तक कर्फ्यू लगाए जाने का आदेश जारी किया गया है।''

## दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने लोगों से सड़कों पर खाना फेंकने से बचने को कहा

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने लोगों से सड़कों पर खाना फेंकने से बचने की शनिवार को अपील की और सड़कों को सुरक्षित रखने तथा यातायात में व्यवधान से बचने के लिए जानवरों को जिम्मेदारी से खाना देने का आग्रह किया। शहर में निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री गुप्ता ने देखा कि एक व्यक्ति सड़क पर चपाती फेंक रहा है। मुख्यमंत्री ने अपनी कार रोकी और उससे अनुरोध किया कि वह ऐसा दोबारा न करे। गुप्ता ने कहा, ''मैंने देखा कि कोई व्यक्ति सड़क पर चपाती फेंक रहा है, संभवतः गायों को खिलाने के लिए। मैंने उसे रोका और उससे धीरे से कहा कि वह ऐसा दोबारा न करे।'' गुप्ता ने इस बात पर जोर दिया कि



चपाती सिर्फ भोजन नहीं है, यह भारतीय संस्कृति में परंपरा और सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा, ''इसे सड़क पर फेंकना न केवल भोजन का अपमान है, बल्कि जानवरों और लोगों दोनों को खतरे में डालता है।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि गायें और अन्य जानवर भोजन की तलाश में सड़कों पर आ जाते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है।

## प्रधानमंत्री मोदी आंबेडकर जयंती पर हरियाणा में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास करेंगे

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 अप्रैल को संविधान निर्माता डॉ. भीम राव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर हरियाणा में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। एक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री हिसार से अयोध्या के लिए एक वाणिज्यिक उड़ान को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे और हिसार हवाई अड्डे पर नये टर्मिनल भवन की आधारशिला रखेंगे। वह एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। बयान में कहा गया है कि हवाई यात्रा को सुरक्षित, किफायती और सर्व-सुलभ बनाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, प्रधानमंत्री हिसार में महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे के नये टर्मिनल भवन की आधारशिला रखेंगे। इस पर 410 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आएगी। इसमें एक अत्याधुनिक यात्री टर्मिनल, एक कार्गो टर्मिनल और एक एटीसी भवन शामिल होगा।

## कपड़ा उद्योग में भी बहुजन का प्रतिनिधित्व नहीं, काबिल युवा 'अन्याय के चक्रव्यूह में फंसे अभिमन्यु' हैं: राहुल



**नयी दिल्ली :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को दावा किया कि अन्य उद्योगों की तरह ही कपड़ा और फैशन क्षेत्र में भी बहुजनों के पास न तो प्रतिनिधित्व है और न इसकी शिक्षा तक पहुंच है तथा काबिल होते हुए भी युवा अन्याय के चक्रव्यूह में फंसे अभिमन्यु हैं। उन्होंने गत पांच अप्रैल को यहां एक कपड़ा डिजाइन फैक्ट्री के दौरा किया था जिसका वीडियो शनिवार को 'एक्स' पर साझा किया। कांग्रेस नेता ने इस फैक्ट्री से जुड़े एक व्यक्ति के साथ बातचीत का हवाला देते हुए पोस्ट किया। राहुल गांधी ने कहा, 'मैं आज तक कपड़ा डिजाइन के उद्योग में शीर्ष पर किसी ओबीसी से नहीं मिला', यह विक्की ने बताया। एक युवा जिसने अपने हुनर के दम पर इस क्षेत्र में अपना व्यापार बनाया है। उनकी फैक्ट्री के कारीगर 12-12 घंटे तपस्या करते हैं, सुई धागे से जादू बुनते हैं - मगर हाल वही, हुनर की कदर नहीं! उन्होंने दावा किया, बाकी उद्योगों की तरह ही कपड़ा और फैशन क्षेत्र में भी बहुजनों के पास न तो प्रतिनिधित्व है, न इसकी शिक्षा तक पहुंच, और न ही नेटवर्क में जगह। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष का कहना था, विक्की जैसे होनहार लोगों से मिलकर मैं उनका काम सीखने की कोशिश करता हूं, ताकि दुनिया को भारतीय युवाओं का असली हुनर दिखे - ये पता चले कि काबिल और मेहनती होते हुए भी ये युवा उपेक्षा और अन्याय के चक्रव्यूह में फंसे अभिमन्यु हैं।

## जिसे गोशाला में बदबू आए, उसे भारत में रहने का अधिकार नहीं : मोहन यादव

**इंदौर (मध्यप्रदेश) :** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव के गोशाला में दुर्गंध वाले बयान को लेकर उन पर इशारों ही इशारों में निशाना साधते हुए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शनिवार को कहा कि जिस भारतवासी को गोशाला में बदबू आती है, उसे देश में रहने का अधिकार नहीं है। मोहन यादव ने इंदौर नगर निगम की एक गोशाला की नींव रखने के कार्यक्रम में अखिलेश की ओर स्पष्ट इशारा करते हुए कहा, '' उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में गोपालन से जुड़े परिवार से आने वाला एक व्यक्ति केवल वोट के चक्कर में कह रहा है कि उसे इत्र की खुशबू आती है और गोशाला में बदबू आती है। मुझे दुर्भाग्य के साथ कहना पड़ेगा कि भारत में रहकर गोशाला में जिसको बदबू आए, उसको भारत में रहने का अधिकार नहीं है।'' उन्होंने कहा कि इन दिनों कई परिवार गोशाला में अपने बच्चों का जन्मदिन धूम-धाम से मनाने के लिए आते हैं और गोशाला से अच्छा कौन-सा स्थान हो सकता है। मोहन यादव ने कहा कि गाय का गोबर ''जीवन रूपी अमृत'' है जिससे बनी खाद की बदौलत खेतों में गेहूं के चंद बीजों से हजारों बालियां फूट पड़ती हैं। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि गाय का गोबर कैंसर को भी मात दे सकता है।

## ईरान, अमेरिका परमाणु कार्यक्रम पर और बातचीत को हुए सहमत



### 19 अप्रैल को अगले दौर की वार्ता

**मस्कट :** अमेरिका के राष्ट्रपति के तौर पर डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में, ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर दोनों देशों के बीच हुई पहली सीधी वार्ता में इस मुद्दे पर 19 अप्रैल को और चर्चा करने पर सहमति बनी है। ईरान के विदेश मंत्री ने यह जानकारी दी। ईरान के सरकारी टेलीविजन की खबर के मुताबिक, वार्ता के अंत में अमेरिका के पश्चिम एशिया में दूत स्टीव विटकॉफ और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने ओमान के विदेश मंत्री की उपस्थिति में संक्षिप्त बातचीत की। इससे दशकों से तनावपूर्ण संबंध वाले दोनों देशों के बीच सीधी वार्ता होने का संकेत मिलता है। अमेरिकी अधिकारियों ने ईरान की ओर से आ रही खबरों की तत्काल पुष्टि नहीं की है। खबरों के मुताबिक, दोनों पक्षों ने ओमान के बाहरी इलाके में एक स्थान पर दो घंटे से अधिक समय तक बातचीत की, जो स्थानीय समयानुसार, शाम 5:50 बजे समाप्त हुई। वार्ता स्थानीय समयानुसार, अपराह्न 3:30 बजे शुरू हुई थी। दोनों देशों के बीच करीब 50 साल से जारी दुश्मनी के बीच बातचीत का महत्व और भी बढ़ गया है। ट्रंप ने बार-बार धमकी दी है कि अगर समझौता नहीं हुआ तो वे ईरान के परमाणु ठिकानों को निशाना बनाकर हवाई हमले करेंगे।

# सिंगापुर सरकार ने आग की घटना में बच्चों को बचाने में मदद करने वाले चार भारतीयों को सम्मानित किया



**सिंगापुर :** सिंगापुर सरकार ने एक इमारत में लगी आग से बच्चों और वयस्कों को बचाने में वीरतापूर्ण कार्य के लिए चार भारतीय प्रवासी श्रमिकों को सम्मानित किया है। इस इमारत में 16 नाबालिग और छह वयस्क फंसे गए थे। आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण का आठ वर्षीय पुत्र मार्क शंकर पवनोविच आठ अप्रैल को लगी आग की घटना से बचाए गए लोगों में शामिल था। इमारत से निकाली गई 10 वर्षीय आस्ट्रेलियाई लड़की की बाद में अस्पताल में मौत हो गई। मानव शक्ति मंत्रालय के 'एश्योरेंस, केयर एंड एंगेजमेंट' (एसीई) समूह ने आग में फंसे लोगों को बचाने के लिए इंद्रजीत सिंह, सुब्रमण्यम सरनराज, नागराजन अनबरसन और शिवसामी विजयराज को 'फ्रेंड्स ऑफ एसीई' सिक्के प्रदान किए। साप्ताहिक पत्रिका 'तबला' ने शुक्रवार को मंत्रालय के हवाले से कहा, ''उनकी सूझबझ और बहादुरी ने सब कुछ बदल दिया... ज़रूरत के समय हमें समुदाय की ताकत याद दिलाने के लिए धन्यवाद। बच्चों की चीखें सुनकर और तीसरी मंजिल पर स्थित इमारत की खिड़की से घना धुआं निकलता देखकर, प्रवासी मजदूरों ने बिना समय गंवाए घटनास्थल के ठीक सामने स्थित अपने कार्यस्थल से एक 'स्केफोल्ड' उठाया। उन्होंने इमारत में बच्चों तक पहुंचने के लिए 'स्केफोल्ड' और सीढ़ी का उपयोग किया। उनके साथ अन्य प्रवासी श्रमिक भी आ गए जो इमारत के पास रिवर वैली रोड पर काम कर रहे थे। सिंगापुर नागरिक सुरक्षा बल (एससीडीएफ) के पहुंचने से पहले 10 मिनट में प्रवासी श्रमिकों ने 10 बच्चों को इमारत से निकाल लिया था। सुब्रमण्यम सरनराज (34) ने कहा कि वह उन बच्चों का दृश्य कभी नहीं भूल पाएंगे जिनके चेहरों पर कालिख के निशान थे, वे खांस रहे थे और सांस लेने में परेशानी महसूस कर रहे थे तथा मदद के लिए चिल्ला रहे थे।

# दिल्ली हवाई अड्डे पर 450 से अधिक उड़ानों में देरी हुई, कई उड़ानें रद्द

**नयी दिल्ली :** दिल्ली हवाई अड्डे पर शनिवार को सैकड़ों यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ा क्योंकि 450 से अधिक उड़ानों में देरी हुई और भीड़भाड़ के कारण कई उड़ानें रद्द कर दी गईं। हालांकि, दोपहर बाद से स्थिति में सुधार होने लगा। शुक्रवार शाम और शनिवार सुबह हवाई अड्डे पर अव्यवस्था का माहौल देखा गया, जहां कई यात्री हवाई अड्डे के अंदर कुछ स्थानों पर खड़े होकर उड़ान से संबंधित जानकारी का इंतजार करते दिखे क्योंकि खराब मौसम के कारण उड़ानों में व्यवधान का असर शनिवार को भी बरकरार रहा। कई लोगों ने सोशल मीडिया पर अव्यवस्था और उड़ान में देरी की शिकायत की तथा हवाई अड्डे के अंदर कुछ स्थानों पर भीड़भाड़ की तस्वीरें और वीडियो भी



साझा किए। प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण शुक्रवार शाम को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईए) पर परिचालन बाधित हो गया और इसके प्रभाव से शनिवार को भी उड़ानों की आवाजाही प्रभावित हुई। 'दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड' (डायल) ने 'एक्स' पर सात बजकर 19 मिनट पर एक पोस्ट में कहा कि हवाई अड्डे के सभी टर्मिनल पर उड़ान परिचालन सामान्य हो गया है। इसने पांच बजकर एक मिनट पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली हवाई अड्डे पर उड़ान परिचालन में सुधार हो रहा है; हालांकि, कल रात की मौसम की स्थिति के कारण कुछ उड़ानें अब भी प्रभावित हैं।

# लखनऊ ने गुजरात टाइटंस को छह विकेट से हराया

## पूरन-मार्करम ने जड़े अर्धशतक

**लखनऊ :** लखनऊ सुपर जाइंट्स ने एडेन मार्करम और निकोलस पूरन के अर्धशतकों की मदद से गुजरात टाइटंस को छह विकेट से हराया। लखनऊ ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। गुजरात ने साई सुदर्शन और शुभमन गिल के अर्धशतकों से 20 ओवर में छह विकेट पर 180 रन बनाए थे। जवाब में लखनऊ ने 19.3 ओवर में चार विकेट पर 186 रन बनाकर मैच जीता। लखनऊ के लिए पूरन ने 34 गेंदों पर एक चौका और सात छक्कों की मदद से 61 रन और मार्करम ने 31 गेंदों पर नौ चौकों और एक छक्के की मदद से 58 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए मार्करम और पंत ने लखनऊ को अच्छी शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 65 रन जोड़े। पंत 2016 के बाद पहली बार आईपीएल में ओपनिंग के लिए उतरे, लेकिन 21 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद मार्करम और पूरन ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और दूसरे विकेट के लिए 58 रनों की साझेदारी की। मार्करम ने जहां 26 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया, वहीं पूरन ने 23 गेंदों पर पचासा लगाया। मार्करम को भी प्रसिद्ध कृष्णा ने अपना शिकार बनाया। मार्करम के आउट होने के बाद भी पूरन ने अपनी तेज तर्रार पारी जारी रखी और लखनऊ का स्कोर 150 के पार पहुंचाया। पूरन हालांकि, राशिद खान का शिकार बने। इसके बाद वाशिंगटन सुंदर ने डेविड मिलर को आउट किया जो सात रन बनाकर पवेलियन लौटे। इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे आयुष बडोनी 20 गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से 28 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि अब्दुल समद भी दो रन बनाकर नाबाद लौटे। गुजरात के लिए प्रसिद्ध ने दो विकेट लिए, जबकि राशिद और वाशिंगटन को एक-एक विकेट मिला।

### विकेट आसान नहीं था, स्ट्राइक रोटेशन भी उतना अच्छा नहीं था: गिल

गुजरात टाइटन्स के कप्तान शुभमन गिल शनिवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन से बहुत खुश नहीं थे और उन्होंने कहा कि विकेट धीमा था, लेकिन स्ट्राइक रोटेशन काफी खराब रहा। गिल ने मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में कहा, 'विकेट पर शुरुआत से ही बल्लेबाजी करना आसान नहीं था और यह चर्चा हुई थी कि अगर कोई बल्लेबाज जम गया है तो हमें 17-18 ओवर खेलने होंगे ताकि हम 200-210 रन बना सकें।'

# जीत की पटरी पर लौटी हैदराबाद, पंजाब को आठ विकेट से हराया

**हैदराबाद :** अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड की तूफानी साझेदारी के दमपर सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स को आठ विकेट से हरा दिया। शनिवार को राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद ने 20 ओवर में छह विकेट खोकर 245 रन बनाए। जवाब में पिछले सत्र की उप विजेता टीम ने 18.3 ओवर में दो विकेट खोकर 247 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। इसी के साथ हैदराबाद ने आईपीएल इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल कर लिया। इससे पहले पंजाब किंग्स ने पिछले सत्र में कोलकाता के खिलाफ 262/2 रन बनाकर सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल किया था। 246 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद की सलामी जोड़ी अपने रंग में नजर आई। ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा के बीच पहले विकेट के लिए 171 रन की विशाल साझेदारी हुई। यह हैदराबाद के लिए किसी ओपनिंग जोड़ी द्वारा निभाई गई दूसरी बड़ी साझेदारी है। इस मामले में शीर्ष पर जॉनी बेयरस्टो और डेविड वॉर्नर हैं, जिन्होंने 2019 में आरसीबी के खिलाफ 185 रनों की पार्टनरशिप की थी। अभिषेक ने इस मैच में महज 40 गेंदों में अपने आईपीएल करियर का पहला शतक पूरा किया और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह आईपीएल में सबसे तेज शतक जड़ने वाले छठे बल्लेबाज बन गए। अभिषेक ने पंजाब के खिलाफ 141 रनों की तूफानी पारी खेली। इसी के साथ वह आईपीएल में सर्वोच्च स्कोर बनाने वाले भारतीय बन गए। अपनी पारी के दौरान 24 वर्षीय बल्लेबाज ने 256.36 के स्ट्राइक रेट से 14 चौके और 10 गगनचुंबी छक्के लगाए। इस मुकाबले से पहले तक खराब फॉर्म से जूझ रहे हेड ने भी शानदार वापसी कर ली। उन्होंने 31 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया और 66 रन बनाकर आउट हुए। उनके अलावा हेनरिक क्लासेन ने 21 और ईशान किशन ने नौ रन बनाए और नाबाद रहे। पंजाब के लिए अर्शदीप सिंह और युजवेंद्र चहल ने एक-एक विकेट लिया।



अभिषेक-हेड चमके

# राजस्थान और आरसीबी के मैच में सॉल्ट-कोहली के सामने होगी आर्चर की मुश्किल चुनौती



**जयपुर :** राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीमें रविवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में जीत की राह पर लौटने के इरादे से मैदान पर उतरेंगी तो सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट और विराट कोहली के सामने तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर कड़ी चुनौती पेश करेंगे। इन दोनों टीमें को पिछले मैच में हार का सामना करना पड़ा था। आरसीबी को दिल्ली कैपिटल्स के हाथों छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा, जबकि राजस्थान को गुजरात टाइटन्स के हाथों 58 रन से करारी हार मिली। आरसीबी पांच मैचों में तीन जीत के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है जबकि राजस्थान इतने ही मैचों में दो जीत के साथ सातवें पायदान पर है। आईपीएल के इस सत्र के शुरुआती मैच में इस लीग में सबसे ज्यादा रन लुटाने वाले गेंदबाज बने आर्चर ने लय में वापसी कर ली है। उनकी तेज रफ्तार गेंदें पिछले दो मैचों से कहर बरपा रहीं हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ उन्होंने 25 रन देकर तीन विकेट लिए, जिसमें शानदार लय में चल रहे कप्तान श्रेयस अय्यर को 148.6 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार वाली गेंद पर बोल्ड करना शामिल है।

उन्होंने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 152.3 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से गेंद डाली थी जबकि 147.7 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार वाली इनस्विंगर पर गुजरात के कप्तान शुभमन गिल को चकमा देकर पवेलियन भेजने में सफल रहे थे। आर्चर के सामने रविवार को कोहली (186 रन) और इंग्लैंड टीम के साथी खिलाड़ी सॉल्ट (143) की आक्रामक जोड़ी को रोकने की चुनौती होगी। यह जोड़ी कुछ ही ओवरों में मैच को प्रतिद्वंद्वी टीम की पकड़ से दूर करने की क्षमता रखती

# मुंबई और दिल्ली के मैच में रोहित और राहुल पर होगी निगाह





**नयी दिल्ली :** खराब फॉर्म से जूझ रहे रोहित शर्मा रविवार को यहां मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच होने वाले मैच में स्पिनरों की कड़ी चुनौती से पार पाकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खुद को प्रासंगिक बनाए रखने का प्रयास करेंगे। रोहित जहां रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं वहीं मुंबई की टीम को तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो दिल्ली के कुशल बल्लेबाज के एल राहुल के सामने कड़ी चुनौती पेश कर सकते हैं। दिल्ली की टीम ने टूर्नामेंट के पहले चरण में शानदार प्रदर्शन किया है और इसलिए वह इस मैच में जीत के दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। दिल्ली की टीम की निगाह लगातार पांचवीं जीत हासिल करने पर होगी जबकि हार्दिक पंड्या के नेतृत्व वाली मुंबई की टीम छह मैच में पांचवीं हार से बचने की कोशिश करेगी। आईपीएल जैसे टूर्नामेंट में एक हार से लय गड़बड़ा सकती है और मुंबई इंडियंस तो पिछले साल से चले आ रहे खराब प्रदर्शन में सुधार नहीं कर पाई है। पिछले साल उसकी टीम अंतिम स्थान पर रही थी। मुंबई के लिए रोहित की फॉर्म चिंता का विषय है जो अभी तक चार मैच में केवल 38 रन बना पाए हैं। दिल्ली के खिलाफ उन्हें अक्षर पटेल और कुलदीप यादव जैसे मंझे हुए स्पिनरों के अलावा अब तक शानदार प्रदर्शन करने वाले विपराज निगम से कड़ी चुनौती मिलना सुनिश्चित है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने कुलदीप को अभी तक टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ स्पिनर करार दिया है। कुलदीप ने अभी तक सभी मैच में चार ओवर का अपना कोटा पूरा किया है तथा उन्होंने छह रन प्रति ओवर से भी कम के इकोनॉमी रेट से आठ विकेट लिए हैं।

# डब्ल्यूटीसी चक्र में अंक प्रणाली में बदलाव पर सहमत हो सकता हैं आईसीसी

**लंदन :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) अगले चक्र से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की अंक प्रणाली में बड़े बदलावों पर सहमत हो सकता है जबकि सप्ताहांत में जिम्बाब्वे में बैठकों के दौरान टेस्ट क्रिकेट को दो स्तर में विभाजित करने के विवादास्पद प्रस्ताव को स्थगित करने की संभावना है। शनिवार को 'गार्जियन' की एक रिपोर्ट में यह कहा गया। खेल की वैश्विक संचालन संस्था लंबे समय से जीत के अंतर के आधार पर बोनस अंकों की एक नई प्रणाली पर विचार कर रही है जैसी रग्बी यूनियन में उपयोग की जाती है। इसमें विरोधी टीम की ताकत के आधार पर जीत के लिए अंक दिए जाते हैं और विरोधी के मैदान पर जीत के लिए अतिरिक्त अंक मिलते हैं। यह बैठकों की श्रृंखला के दौरान चर्चा का एक बड़ा मुद्दा हो सकता है। अगला डब्ल्यूटीसी चक्र इस साल जून में भारत के इंग्लैंड दौरे के साथ शुरू होगा जो लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच 2023-2025 चक्र के फाइनल के समापन के पांच दिन बाद होगा। मौजूदा डब्ल्यूटीसी प्रणाली समान संख्या में अंक प्रदान करती है जिसमें जीत के लिए 12, टाई के लिए छह और ड्रॉ के लिए चार अंक दिए जाते हैं जिससे असंतोष पैदा हुआ है कि क्रिकेट के 'बिग थ्री' भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया को 'एक दूसरे के खिलाफ अधिक मैच खेलने के कारण नुकसान होता है।'

## न्यूज अपडेट

### पंकज आडवाणी ने डब्ल्यूबीएल विश्व मैचप्ले बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप में रजत पदक जीता



**नयी दिल्ली :** भारत के सबसे दिग्गज क्यू (बिलियर्ड्स और स्नूकर) खिलाड़ियों में शामिल पंकज आडवाणी को डब्ल्यूबीएल विश्व मैचप्ले बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप के फाइनल में डेविड कॉजियर के खिलाफ मामूली अंतर से हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। पंद्रह चरण के मुकाबलों के फाइनल में दोनों खिलाड़ियों ने पूरा दमखम दिखाया। आडवाणी ने 2-0 की बढ़त के साथ अच्छी शुरुआत की, लेकिन उनके प्रतिद्वंद्वी ने आयरलैंड के कार्लो में खेले गए फाइनल मुकाबले में शानदार वापसी की। ब्रिटेन के खिलाडी ने आखिरी चरण के मुकाबले को जीतने के साथ ही 8-7 (19-100, 0-100, 100-47, 100-52, 19-100, 100-0, 49-100, 100-3, 34-100, 4-100, 100-85, 31-100, 100-53, 100-43, 100-28) से खिताब अपने नाम कर लिया। आडवाणी अब रविवार से यहां आईबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स में अपने खिताब का बचाव करेंगेउतरेंगे, जिसे वह 2016 से जीतते आ रहे हैं।

### खेल मंत्री मांडविया ने एएफसी एशियाई कप 2031 की एआईएफएफ की दावेदारी का समर्थन किया

**नयी दिल्ली :** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने 2031 एएफसी एशियाई कप की मेजबानी करने की भारत की इच्छा के लिए सरकार का पूरा समर्थन देते हुए शनिवार को कहा कि प्रमुख प्रतियोगिताओं की मेजबानी से देश का वैश्विक कद बढ़ेगा जिसका लक्ष्य 2036 ओलंपिक का आयोजन करना है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने 31 मार्च की समय सीमा से पहले महाद्वीप के सबसे प्रतिष्ठित फुटबॉल टूर्नामेंट के 2031 सत्र की मेजबानी के लिए इच्छा पत्र सौंपा है जिसकी घोषणा शुक्रवार को की गई। एआईएफएफ की विज्ञप्ति में मांडविया ने कहा, 'प्रमुख खेल प्रतियोगिताओं की मेजबानी का देश के खेल पारिस्थितिकी तंत्र और बुनियादी ढांचे पर गहरा और स्थायी प्रभाव पड़ता है। खेल भारत के बढ़ते वैश्विक कद का एक शक्तिशाली प्रमाण बन सकते हैं।' उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए भारत की दूरदर्शी बोली का नेतृत्व कर रहे हैं। एक बार फिर राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करने की भारत की आकांक्षा भी गति पकड़ रही है।' सरकार का समर्थन जताते हुए मांडविया ने कहा कि देश भर में फुटबॉल की अपार लोकप्रियता को देखते हुए यह स्वाभाविक है कि हम एएफसी एशियाई कप की मेजबानी करने के अवसर की तलाश कर रहे हैं।

### वनडे में दो गेंद इस्तेमाल करने के नियम में बदलाव कर सकता है आईसीसी

**नयी दिल्ली :** वनडे क्रिकेट में बल्लेबाजों के दबदबे को लेकर चली आ रही चिंता को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) 50 ओवर के प्रारूप में दो गेंद के इस्तेमाल के नियम में बदलाव कर सकता है। पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली की अध्यक्षता वाली आईसीसी क्रिकेट समिति ने वनडे में एक गेंद के इस्तेमाल की सिफारिश की है। दो नयी गेंद का नियम एक दशक से भी अधिक समय से लागू है। इस सिफारिश को आईसीसी के निदेशक बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया जाना चाहिए जिसके बाद ही इसे संशोधित खेल शर्तों में शामिल किया जाएगा। आईसीसी बोर्ड रविवार को हरारे में इस मुद्दे पर चर्चा करेगा। अभी वनडे में दो नयी सफेद कूकाबुरा गेंदों का इस्तेमाल किया जाता है। गेंदबाजों द्वारा प्रत्येक छोर से अलग-अलग नयी गेंदों का इस्तेमाल करने के कारण गेंद सख्त बनी रहती है जिससे बल्लेबाजों को खुलकर रन बनाने का फायदा मिलता है। क्षेत्ररक्षण पाबंदी (30 गज के घेरे के बाहर केवल चार क्षेत्ररक्षक) के कारण बल्लेबाजों को गेंदबाजों पर अनुचित लाभ मिलता है। यहां तक कि महान सचिन तेंदुलकर ने भी अकसर दो नयी गेंदों से रन बनाने पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में बात की है। आईसीसी बोर्ड के एक सदस्य ने नाम नहीं बताने की शर्त पर पीटीआई को बताया, 'आईसीसी क्रिकेट समिति ने तीन नियमों में बदलाव की सिफारिश की है। एक दिवसीय क्रिकेट में एक सफेद गेंद का उपयोग, टेस्ट मैच में ओवर रेट की जांच के लिए 'क्लॉक टाइमर' (टाइमर घड़ी) का उपयोग और अंडर 19 पुरुष विश्व कप को 50 ओवर से टी20 में बदलना।'



### एनएचपीसी ने बीकानेर में 107 मेगावाट सौर क्षमता का वाणिज्यिक परिचालन शुरू किया

**नयी दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र की एनएचपीसी ने शनिवार को राजस्थान के बीकानेर में 107 मेगावाट सौर क्षमता का वाणिज्यिक परिचालन शुरू कर दिया। एनएचपीसी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि यह क्षमता राज्य में 300 मेगावाट की करणीसर सौर ऊर्जा संयंत्र का हिस्सा है। कंपनी ने कहा, एनएचपीसी ने बीकानेर स्थित करणीसर सौर ऊर्जा संयंत्र की कुल 300 मेगावाट क्षमता में से 107.14 मेगावाट की आंशिक क्षमता के लिए 12.04.2025 से वाणिज्यिक परिचालन तिथि (सीओडी) घोषित कर दी है।

### आवक की अप्रत्याशित कमी से अधिकांश तेल-तिलहन कीमतों में सुधार

**नयी दिल्ली :** अप्रैल के इस मौसम में आवक अप्रत्याशित रूप से कम रहने के बीच देश के तेल-तिलहन बाजार में शनिवार को सरसों, मूंगफली एवं सोयाबीन तेल-तिलहन तथा बिनौला तेल के दाम सुधार दर्शाते बंद हुए। दूसरी ओर ऊंचे दाम पर लिवाली कमजोर बने रहने से कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल के दाम पूर्ववत बंद हुए। बाजार सूत्रों ने कहा कि वैश्विक व्यापार में 'शुल्क युद्ध' के कारण आम तौर पर सभी अर्थव्यवस्थाओं में अस्थिरता है और खाद्यतेल-तिलहन बाजार भी इससे अछूता नहीं है। लेकिन एक पहेली जैसी स्थिति देखने को मिल रही है कि किसान अपने तिलहन फसलों की मंडियों में आवक, इस मौसम के सामान्य औसत मात्रा के मुकाबले काफी कम ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि जैसे कि सरसों की कई राज्यों में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सरकारी खरीद शुरु हुई है तो अपेक्षा की जा रही थी कि किसानों की ओर से आवक में वृद्धि होगी। पर हकीकत में ऐसा होता नहीं दीख रहा। आवक इस मौसम के औसत 10-12 लाख बोरी के मुकाबले घटकर आज सवा पांच लाख बोरी की ही देखी गई।

# राजस्थान बनेगा डाटा सेंटर स्थापित करने के लिए पसंदीदा राज्य : भजनलाल शर्मा

**जयपुर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार ने डेटा सेंटर की बढ़ती उपयोगिता को देखते हुए प्रदेश में निजी क्षेत्र में डेटा सेंटरों की स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिए राजस्थान डेटा सेंटर नीति-2025 लागू की है। उन्होंने कहा कि इससे अगले पांच वर्षों में राज्य में करीब 20,000 करोड़ रुपये का निवेश आएगा। उन्होंने कहा कि नीति का उद्देश्य राजस्थान में निजी क्षेत्र में डाटा सेंटर की स्थापना को प्रोत्साहित करना है। राज्य बजट 2024-25 में यह डेटा सेंटर नीति लाने की घोषणा की गई थी। शर्मा ने कहा कि राजस्थान डेटा सेंटर नीति-2025 का लक्ष्य राज्य में एक विश्व स्तरीय डेटा सेंटर माहौल विकसित कर राजस्थान को डेटा सेंटर क्षेत्र का प्रमुख केंद्र बनाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नीति राज्य में स्थापित होने वाले डेटा सेंटर की गतिविधियों की दक्षता, सुरक्षा और विश्वसनीयता को प्रभावशाली बनाएगी। साथ ही, राज्य में डेटा प्रबंधन, प्रदर्शन और सुरक्षा के उच्च मानकों को सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देशों को निर्धारित करने में भी मदद करेगी। उन्होंने कहा कि इस नीति के तहत डेटा सेंटर क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए कई प्रावधान किए गए हैं, जिनमें 10 वर्षों तक 10-20 करोड़ रुपये वार्षिक संपत्ति निर्माण



प्रोत्साहन, 100 करोड़ से अधिक निवेश करने वाले पहले तीन डेटा सेंटर्स को 25 प्रतिशत अतिरिक्त सनराइज प्रोत्साहन, पांच वर्षों तक पांच प्रतिशत ब्याज अनुदान, बैंकिंग, पारेषण व व्हीलिंग शुल्क में 100 प्रतिशत छूट, भूमि संबंधी लचीली भुगतान सुविधा, स्टांप ड्यूटी, भू-रूपांतरण व विद्युत शुल्क में छूट तथा 10 करोड़ रुपए तक बाह्य विकास शुल्क से छूट शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस नवीन नीति में पर्यावरण संरक्षण तथा कार्मिकों की दक्षता में वृद्धि पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। इसके तहत डेटा सेंटर कर्मचारियों की कार्यकुशलता सुधार हेतु व्यय की गई राशि का 50 प्रतिशत पुनर्भरण, हरित समाधान प्रोत्साहन के रूप में 12.5 करोड़ रुपये तक 50 प्रतिशत पुनर्भरण, जीआई (भौगोलित संकेतक) टैग, पेटेंट, कॉपीराइट व ट्रेडमार्क पंजीयन पर एक करोड़ रुपये तक 50 प्रतिशत सहायता, बिल्डिंग बायलॉज में छूट व सतत विद्युत आपूर्ति के प्रावधान शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में डेटा सेंटर मुख्य रूप से मुम्बई, चैन्नई, दिल्ली, बेंगलुरु, पुणे, हैदराबाद और कोलकाता जैसे बड़े शहरों में केंद्रित है। राजस्थान में भी प्रचुर मात्रा में उपलब्ध स्थान, नवीकरणीय उर्जा स्रोत और राज्य सरकार की दूरदर्शी नीति के कारण नए डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए भरपूर संभावना है। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं, जब राजस्थान सभी बेहतरीन सुविधाएं प्रदान करके और बेहतर कारोबारी माहौल पैदा करके अंतरराष्ट्रीय और घरेलू डेटा सेंटर कंपनियों के लिए पसंदीदा स्थान बन जाएगा।

# अमेरिकी शुल्क से वैश्विक व्यापार में तीन प्रतिशत की कमी आने की आशंका: संयुक्त राष्ट्र अर्थशास्त्री

**संयुक्त राष्ट्र :** संयुक्त राष्ट्र के एक शीर्ष अर्थशास्त्री ने कहा है कि अमेरिका द्वारा लगाए गए शुल्क के कारण वैश्विक व्यापार में तीन प्रतिशत की कमी आ सकती है और निर्यात अमेरिका और चीन जैसे बाजारों से भारत, कनाडा और ब्राजील की ओर स्थानांतरित हो सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले सप्ताह एक व्यापक शुल्क योजना की घोषणा की। अमेरिका ने बाद में चीन को छोड़कर अधिकांश देशों के लिए 'जवाबी शुल्क' पर 90 दिनों की रोक की घोषणा की। बदले में चीन ने अमेरिकी वस्तुओं के आयात पर 125 प्रतिशत शुल्क लगाने का फैसला किया है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार केंद्र की कार्यकारी निदेशक पामेला कोक-हैमिल्टन ने शुक्रवार को जिनेवा में कहा, व्यापार तरीके और आर्थिक एकीकरण में महत्वपूर्ण दीर्घकालिक बदलावों के साथ वैश्विक व्यापार में तीन प्रतिशत की कमी आ सकती है। उन्होंने कहा, उदाहरण के लिए, मेक्सिको से निर्यात, जो अत्यधिक प्रभावित हुआ है, अमेरिका, चीन, यूरोप और यहां तक कि अन्य लातिन अमेरिकी देशों जैसे बाजारों से स्थानांतरित हो रहा है। इससे निर्यात कनाडा और ब्राजील और कुछ हद तक भारत में मामूली लाभ हो रहा है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार, वियतनामी निर्यात अमेरिका, मैक्सिको और चीन से हट रहा है, जबकि पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीका (एमईएनए) बाजारों, यूरोपीय संघ, दक्षिण कोरिया और अन्य बाजारों की ओर काफी बढ़ रहा है। परिधान का उदाहरण देते हुए कोक-हैमिल्टन ने कहा कि विकासशील देशों के लिए आर्थिक गतिविधि और रोजगार के मामले में कपड़ा उद्योग शीर्ष उद्योग है। इस संदर्भ में, उन्होंने कहा कि अगर यह लागू होता है तो दुनिया के दूसरे सबसे बड़े परिधान निर्यातक बांग्लादेश को 37 प्रतिशत का जवाबी शुल्क झेलना पड़ेगा, जिससे 2029 तक अमेरिका को वार्षिक निर्यात में 3.3 अरब डॉलर का नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा कि विकासशील देशों के लिए किसी भी वैश्विक झटके से निपटने के लिए समाधान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा - चाहे वह कोविड महामारी हो, जलवायु आपदा हो या नीतियों में अचानक बदलाव हो - तीन क्षेत्रों - विविधीकरण, मूल्य संवर्धन और क्षेत्रीय एकीकरण को प्राथमिकता देने में निहित है।

### ट्रंप प्रशासन ने स्मार्टफोन और लैपटॉप को टैरिफ से दी छूट

**वाशिंगटन :** ट्रंप प्रशासन ने कहा है कि स्मार्टफोन और लैपटॉप जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स को जवाबी शुल्क के दायरे से बाहर रखा जाएगा। इस कदम से लोकप्रिय उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों की कीमतों को कम रखने में मदद मिलेगी, जो आमतौर पर अमेरिका में नहीं बनते हैं। शुक्रवार को की गई घोषणा से एप्पल और सैमसंग जैसी बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों को भी फायदा होगा। अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा विभाग ने कहा कि स्मार्टफोन, लैपटॉप, सेमीकंडक्टर और फ्लैट-पैनल मॉनिटर बनाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली मशीनों जैसी वस्तुओं को भी छूट दी जाएगी।

### इंडियन ओवरसीज बैंक ने कर्ज पर ब्याज दर 0.25 प्रतिशत घटाई

**चेन्नई :** सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) ने रेपो दर से संबद्ध ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की है। बैंक ने शनिवार को यह जानकारी दी। हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अपनी मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की हालिया बैठक में नीतिगत दर रेपो को 6.25 प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत करने का निर्णय लिया। बैंक द्वारा ब्याज दरों में कटौती का निर्णय अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पिछले सप्ताह भारतीय वस्तुओं के आयात पर 26 प्रतिशत शुल्क की घोषणा के बाद बढ़ती अनिश्चितताओं के बीच आया है। परिसंपत्ति देयता प्रबंधन समिति ने 11 अप्रैल को आयोजित अपनी बैठक में ग्राहकों को दर में कटौती का लाभ देने का निर्णय लिया है। बैंक ने रेपो से संबद्ध कर्ज पर ब्याज दर (आईपी) को 0.25 प्रतिशत की कटौती के साथ 9.10 प्रतिशत से घटाकर 8.85 प्रतिशत कर दिया है। यह कटौती 12 अप्रैल, 2025 से प्रभावी होगी।

### भारत ने पोत परिवहन पर पहले वैश्विक कार्बन कर के पक्ष में मतदान किया

**नयी दिल्ली :** भारत और 62 अन्य देशों ने संयुक्त राष्ट्र की पोत परिवहन एजेंसी के उद्योग पर पहले वैश्विक कार्बन कर लगाने के प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया है। एक सप्ताह की गहन बातचीत के बाद शुक्रवार को लंदन में अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ) के मुख्यालय में इस बारे में फैसला किया गया। इस कदम का मकसद पानी के जहाजों से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करना और स्वच्छ प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देना है। यह पहली बार है, जब किसी पूरे उद्योग पर वैश्विक कार्बन कर लगाया गया है। इसके तहत 2028 से जहाजों को या तो कम उत्सर्जन वाले ईंधन को अपनाना होगा या उनके द्वारा किये गए प्रदूषण के लिए शुल्क का भुगतान करना होगा। इस कर से 2030 तक 40 अरब अमेरिकी डॉलर की राशि जुटाई जा सकती है। इस समझौते को अंतरराष्ट्रीय जलवायु नीति के लिए एक सफलता के रूप में देखा जा रहा है। कार्बन कर से जुटाए गए राजस्व का इस्तेमाल समुद्री क्षेत्र को कार्बन मुक्त करने के लिए किया जाएगा।

# यूपीआई को 15 दिनों में तीसरी बार व्यवधान का सामना करना पड़ा, लेनदेन प्रभावित




**नयी दिल्ली :** देश भर के यूपीआई उपयोगकर्ताओं को शनिवार को लेनदेन विफलताओं का सामना करना पड़ा। तकनीकी खराबी के कारण भुगतान प्रणाली यूपीआई के बंद होने के कारण ऐसा हुआ। यह एक पखवाड़े से भी कम समय में तीसरी बार है, जब यूप-ीआई के तहत लेनदेन प्रभावित हुआ और सेवाओं में व्यवधान का सामना करना पड़ा। हाल के दिनों में, 26 मार्च और दो अप्रैल को यूपीआई व्यवधान की सूचना मिली थी। व्यवधान की निगरानी करने वाले मंच 'डाउनडिटेक्टर' के अनुसार यूपीआई विफलताओं के बारे में शिकायतें सुबह 11:30 बजे के बाद शुरू हुईं। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) एक त्वरित भुगतान प्रणाली है, जिसे आरबीआई द्वारा विनियमित इकाई एनपीसीआई ने विकसित किया है। एनपीसीआई ने एक्स पर पोस्ट किया, 'बीच-बीच में तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण आंशिक रूप से यूपीआई लेनदेन में कमी आ रही है। हम इस समस्या को हल करने के लिए काम कर रहे हैं और आपको सूचना देते रहेंगे। आपको हुई असुविधा के लिए हमें खेद है।'

### बिजली क्षेत्र में बड़े सुधार किए बिना विकसित भारत की बात संभव नहीं: उप्र मुख्य सचिव

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने शनिवार को कहा कि यदि हम आज विकसित भारत और वृद्धि की बात कर रहे हैं तो यह बिजली क्षेत्र में सुधार किए बिना संभव नहीं है। बिजली वितरण क्षेत्र में सुधार और निजीकरण के विभिन्न पहलुओं को लेकर शनिवार को इस क्षेत्र की प्रमुख हस्तियों एवं भागीदार संस्थाओं ने गहन विचार विमर्श किया। शनिवार को जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने यहां एक संगोष्ठी में कहा, प्रदेश की प्रगति और जनता की भलाई के लिए बिजली क्षेत्र में सुधार आज समय की मांग हैं। सिंह ने कहा, खासतौर पर दक्षिणांचल और पूर्वांचल डिस्कॉम में तत्काल सुधार किए जाने के लिए प्रदेश सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इस दौरान, विभिन्न प्रदेशों के बिजली वितरण से जुड़े विशेषज्ञों ने अपने प्रदेशों में बिजली सुधारों और निजीकरण की सफलता की कहानी को साझा किया। बयान में कहा गया कि उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार बेहतर विद्युत व्यवस्था को लेकर कृत संकल्पित है। मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश है कि सभी तरह के उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण व बाधा रहित बिजली आपूर्ति की जाए और इसके लिए जरूरी सुधार किए जाएं।

वर्ष 10, पूर्णांक 4205 अंक 015, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in